


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 04 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-128 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## धर्म बदला, फिर भी पिछड़ा ?

(संजय दुबे)

दृष्टिकोण
संजय दुबे



आरक्षण भारतीय संविधान की वह व्यवस्था है, जो वंचित वर्गों—अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग को सामाजिक न्याय और अवसरों में समानता देने के लिए बनाई गई थी। परंतु वर्तमान में एक गूढ़ प्रश्न देश के सामने है कि क्या धर्मांतरण करने वालों को भी जातिगत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए ?

यह सवाल विशेष रूप से तब गहराता है जब अनुसूचित जातियों से संबंधित व्यक्ति ईसाई या इस्लाम धर्म अपनाते हैं और फिर भी आरक्षण की मांग करते हैं, जबकि इन धर्मों में जाति की मान्यता औपचारिक रूप से नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 341 में अनुसूचित जाति की मान्यता केवल हिन्दू, बौद्ध और सिख धर्म तक सीमित है। ऐसे में सवाल यह है कि यदि कोई व्यक्ति जाति प्रथा और भेदभाव से मुक्ति के लिए नया धर्म अपनाता है तो वह पुरानी जातिगत सुविधा क्यों चाहता है ? आदिवासी समुदायों में यह विषय और भी पेचीदा हो जाता है। छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा जैसे राज्यों में काफी तादाद में आदिवासी ईसाई धर्म अपना चुके हैं परंतु वे अब भी अनुसूचित जनजाति के आरक्षण का लाभ ले रहे हैं। यह दोहरी व्यवस्था वास्तविक रूप से वंचित आदिवासियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में परंपरागत जनजातीय समाज अब इसका विरोध कर रहा है और मांग कर रहा है कि धर्मांतरण करने वालों को आरक्षण का लाभ न दिया जाए। यह न केवल आरक्षण नीति की मूल भावना के विपरीत है बल्कि अन्यायपूर्ण भी है।

हालांकि, इस मामले के लिए गठित रंगनाथ मिश्रा आयोग ने 2007 में प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में अनुसूचित जाति के उन लोगों को भी आरक्षण देने की सिफारिश की थी, जो ईसाई या इस्लाम धर्म में धर्मांतरित हो चुके हैं। लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों ने इस सिफारिश को अमल में लाने से इंकार कर दिया। तर्क यह दिया गया कि इससे सामाजिक संरचना में कृत्रिम तनाव और जातिगत विभाजन की नई रेखाएं खिंच सकती हैं। इसके बाद केंद्र सरकार ने अक्टूबर 2022 में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के. जी. बालाकृष्णन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया। इस आयोग को यह अध्ययन करना था कि क्या ईसाई या मुस्लिम धर्म में गए दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जाना चाहिए। आयोग को दो वर्षों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी लेकिन निर्धारित समयसीमा में रिपोर्ट पूरी न होने के कारण इसका कार्यकाल बढ़ाकर अब 10 अक्टूबर 2025 तक कर दिया गया है। इस विषय की गंभीरता को देखते हुए कई राज्य सरकारें धर्मांतरण विरोधी कानून भी ला रही हैं। इसका स्पष्ट संकेत है कि यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने और आरक्षण नीति की विश्वसनीयता से जुड़ा मुद्दा है। समस्या का समाधान किसी विशेष समुदाय के प्रति पूर्वग्रह या कटुता में नहीं, बल्कि आरक्षण की मूल अवधारणा को ईमानदारी से समझने और लागू करने में है। आरक्षण केवल सुविधा नहीं, बल्कि संवैधानिक उत्तरदायित्व के रूप में उन लोगों को मिलना चाहिए, जो वास्तव में हाशिये पर हैं। अब समय आ गया है कि धर्म और आरक्षण के बीच एक स्पष्ट रेखा खींची जाए, ताकि सामाजिक न्याय की यह व्यवस्था अपनी प्रामाणिकता और उद्देश्य से कभी न भटके। यही वह संतुलन होगा, जो देश को एक समावेशी, न्यायपूर्ण और प्रगतिशील समाज की ओर ले जा सकता है।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं रहे

**रांची,4 अगस्त।** झारखंड आंदोलन के जनक, महाजनों और सूदखोरों के खिलाफ आदिवासियों को जगाने वाले, धनकटनी आंदोलन और आदिवासी समाज को शिक्षित करने का अभियान चलाने वाले झारखंड के सबसे बड़े नायक शिबू सोरेन नहीं रहे. झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो दिशोम गुरु ने आज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली. झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक घोषित कर दिया गया है. झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन नहीं रहे. 81 साल की उम्र में आज उनका निधन हो गया. इसकी जानकारी सीएम हेमंत सोरेन ने एक्स पर दी. दिशोम गुरु के निधन के बाद झारखंड में 3 दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है. उनके निधन की खबर आते ही झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की पार्टी के झंडे झुका दिये गये. लंबे समय से किडनी की बीमारी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे गुरुजी को 19 जून 2025 को दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसी दौरान उनको ब्रेन स्ट्रोक हुआ और उनकी हालत बिगड़ गयी. हालांकि, इलाज के दौरान उनकी स्थिति में सुधार हुआ था. काफी दिनों तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद उन्होंने आज



अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से झारखंड में शोक की लहर दौड़ गयी है.

शिबू सोरेन के निधन पर प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** ने गहरा दुख जताया और उनके पुत्र व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात कर संवेदना प्रकट की। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, "शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। उनके निधन से दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और संवेदना व्यक्त की।"

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी शोक जताते हुए।कहा है कि शिबू सोरेन के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है।मैं उनके निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।जनजातीय समुदाय के उत्थान और झारखंड के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, "झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक, शिबू सोरेन झारखंड के उन कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से जनजातीय समाज के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए आजीवन संघर्ष किया।

# दिल्ली में सांसद की छीन ली चेन

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** देश की राजधानी दिल्ली में अब नेता भी सुरक्षित नहीं दिख रहे। कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन की आज सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में चेन छीन ली गई। सांसद तमिलनाडु भवन में रहती हैं। दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। ये घटना तब हुई जब सुधा रामकृष्णन सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गई थीं। इस दौरान बदमाश आए और उनकी चेन छीन फरार हो गए। तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से सांसद रामकृष्णन ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब वह अपनी साथी सांसद डीएमके की रजती के साथ चाणक्यपुरी के पोलिश दूतावास के पास टहल रही थीं। इस घटना के बाद उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भी लिखा है। उन्होंने इसमें बताया कि स्कूटर पर सवार एक शख्स ने



उनकी चेन छीन ली। उसने हेलमेत से अपना चेहरा छिपाया हुआ था। उन्होंने बताया कि घटना सुबह लगभग 6 बजकर 15 मिनट के आसपास की है। बदमाश विपरीत दिशा से उनके पास आया और सोने की चेन छीनकर फरार हो गया।

**गर्दन पर चोट, कपड़े भी फट गए-** उन्होंने बताया कि बदमाश काफी धीमे-धीमे उनकी तरफ आ रहा था, इसलिए वह अंदाजा भी नहीं लगा पाईं कि वो कुछ ऐसा करने वाला है। इस घटना में उनकी गर्दन पर चोट आई है और उनका चूड़ीदार भी फट गया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। आरोपियों का पता लगाने और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच के लिए कई पुलिस टीमें तैनात की गई हैं। पुलिस चश्मदीदों से भी बात कर रही है और घटना के समय इलाके में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि तमिलनाडु भवन और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## पुल से नीचे गिरी कार : 2 की मौत

**गरियाबंद,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई. इस भीषण हादसे में भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत दो लोगों की मौत हो गई है. हादसे के वक्त कार में 5 लोग सवार थे. सभी बिलाईगढ़ भटगांव से भूतेश्वरनाथ मंदिर जा रहे थे. इस दौरान उनकी कार फिंगेश्वर सरगी नाला पर हादसे का शिकार हो गई. हादसे में तीन लोग घायल हैं, जिनका इलाज जारी है. घटना फिंगेश्वर थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, बिलाईगढ़ के भटगांव थाना क्षेत्र के 5 लोग गरियाबंद के भूतेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आ रहे थे. फिंगेश्वर सरगी नाला पार के दौरान कार चला रहे पंकज को झपकी आ गई. कार पत्थर से टकराकर पुल से नाले में जा गिरी. दर्दनाक हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान लोकेश साहू और पंकज दास (भाजपा मंडल अध्यक्ष) के रूप में हुई है. वहीं हादसे में घायल 3 युवकों का इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुल में रेलिंग नही होने से यहां आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं. इसके बावजूद प्रशासन इसपर कोई सुध नही ले रहा है. फिलहाल फिंगेश्वर पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है.

## रूस में 600 साल बाद क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी फटा

**मॉस्को,4 अगस्त।** रूस के कामचटका में 600 साल बाद क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में पहली बार विस्फोट हुआ। कामचटका के इमरजेंसी मंत्रालय ने रविवार को बताया कि 2 अगस्त को इस ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ। मंत्रालय ने कहा- 1856 मीटर ऊंचे क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद 6 हजार मीटर की ऊंचाई तक राख का गुबार फैल गया।' इसके चलते इस इलाके का एयर स्पेस बंद कर दिया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि इस विस्फोट का संबंध 4 दिन पहले रूस के कामचटका आइलैंड में आए 8.8 तीव्रता के भूकंप से हो सकता है। जो दुनिया का छठा बड़ा भूकंप था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यहां आखिरी बार साल 1463 में विस्फोट हुआ था। तब से यह लगभग 600 साल तक शांत था। इस ज्वालामुखी का नाम रूसी खोजकर्ता स्टीफन क्रशेनिनिकोव के नाम पर रखा गया है।रूसी इमरजेंसी मंत्रालय ने इसे "ऑरेंज एविएशन कोड" दिया है, जिसका मतलब है कि विमानों के लिए खतरा है। रूसी इमरजेंसी मंत्रालय ने इसे "ऑरेंज एविएशन कोड" दिया है, जिसका मतलब है कि विमानों के लिए खतरा है। ह भूकंप कुरिल-



कमचटका सबडक्शन जोन में आया, जो रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है। यह भूकंप कुरिल-कमचटका सबडक्शन जोन में आया, जो रिंग ऑफ फायर का हिस्सा है।

## ऑपरेशन महादेव में ढेर तीनों आतंकी पाकिस्तानी

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** पिछले महीने 28 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के दाचीगाम में महादेव की पहाड़ियों में जंगलों के बीच 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान मारे गए तीनों आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे। इस बात की पुष्टि उनके पास से बरामद सरकारी पहचान पत्र और बायोमेट्रिक डेटा से हुई है। ये तीनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे और तीनों ही पहलगाम में हुई आतंकी हमले में शामिल थे। सुरक्षा बलों द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य इस बात की पुष्टि करते हैं। प्राप्त साक्ष्यों के मुताबिक, ये आतंकवादी पहलगाम में हमले को अंजाम देने के बाद से ही दाचीगाम-हरवान वन क्षेत्र में छिपे हुए थे। सुरक्षा बलों द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों के मुताबिक, पहलगाम में पर्यटकों पर की गई गोलीबारी में कोई भी स्थानीय कश्मीरी शामिल नहीं था। बता दें कि 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में तीन आतंकवादी - सुलेमान शाह उर्फ फैजल जट्ट, अबू हमजा उर्फ 'अफगान' और यासिर उर्फ 'जिब्रान' को सुरक्षा बलों ने ढेर कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों के शवों से मतदाता पहचान पत्र और स्मार्ट आईडी चिप सहित पाकिस्तानी सरकारी दस्तावेज भी बरामद किए गए, जिससे उनके पड़ोसी देश से संबंध होने की पुष्टि



होती है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि सुलेमान शाह और अबू हमजा की जेबों से पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा जारी दो मतदाता पर्चियाँ मिलीं।

## दो वोटर आईडी कार्ड मामले में फंसे तेजस्वी यादव

**पटना,4 अगस्त।** दो वोटर आईडी कार्ड मामले में बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव फंसते नजर आ रहे हैं. अब पटना के एक



थाने में इस मामले को लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ दीघा थाने में शिकायत दी गई है. वकील राजीव रंजन ने दो-दो मतदाता पहचान पत्र रखने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है. दीघा थानेदार संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है. पुलिस फिलहाल मामले की छानबीन कर रही है. आरके नगर निवासी वकील राजीव रंजन ने पुलिस को दी शिकायत में लिखा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाई जा रही है.

## सड़क हादसे में दो कांवरियों की मौत

**धमतरी,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में सड़क हादसे की खबर सामने आई है। एक अज्ञात वाहन ने तीन कांवरियों को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक घायल हो गया है। वे तीनों जल चढाने के लिए मंदिर जा रहे थे। पूरा मामला अर्जुनी थाना अंतर्गत का है। मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन तीन कांवरियों को तेलीनसत्ती गांव के पास टक्कर मार दी। हादसा इतना भयंकर था कि दो कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को दी वार्ता की सलाह

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** उत्तर प्रदेश के मथुरा में बांके बिहारी कॉरिडोर बनाए जाने के लिए मंदिर फंड से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किए जाने के मसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। उत्तर प्रदेश सरकार श्री बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश लाई है, जिसके तहत मंदिर फंड से ही कॉरिडोर का निर्माण होना है। मंदिर प्रशासन की ओर से इसका विरोध किया गया है। इस पर शीर्ष अदालत ने यूपी सरकार और मंदिर ट्रस्ट को वार्ता से मसला हल करने की सलाह दी है। बेंच ने कहा, 'भगवान कृष्ण पहले मध्यस्थ थे। कृपया इस मामले में वार्ता से मसले को हल करें।' इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में यूपी सरकार के अध्यादेश की संवैधानिक वैधता की जांच उच्च न्यायालय को कर लेनी चाहिए थी। बेंच ने कहा कि आखिर अदालत को इतनी जल्दी क्यों थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाला बागची ने मौखिक रूप से 15 मई के उस



आदेश को भी वापस लेने का प्रस्ताव दिया, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को मंदिर का फंड इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी। बेंच ने कहा, 'हम इसका प्रस्ताव देते हैं। पहले का जजमेंट अभी स्थगित रहेगा। इस मामले में हाई कोर्ट के पूर्व जज और सीनियर रिटायर्ड जिला जज वार्ता कर सकते हैं। वे मैनेजमेंट ट्रस्टी हैं।' बेंच ने कहा कि जब तक अध्यादेश को लेकर फैसला होगा, तब तक यह समिति ही मंदिर के मामलों का संचालन करेगी। बेंच ने कहा कि हम अंतरिम कमेटी को आदेश देते हैं कि वह फंड का सीमित इस्तेमाल कर सके। अदालत ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की ओर से यूपी सरकार के अध्यादेश को चुनौती दी जा सकती है। ट्रस्ट की ओर से यह मांग की जा सकती है कि मंदिर के मामलों में फैसले और प्रबंधन का काम वही देखेगा। इस मामले में यूपी सरकार की ओर से पेश वकील केएम नटराज ने मंगलवार तक जवाब देने की बात कही है।

## चैतन्य बघेल को 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

**रायपुर,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 14 इन की न्यायिक रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज उन्हें विशेष कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले में अब 18 अगस्त को सुनवाई होगी। बता दें कि ईडी ने 18 जुलाई की सुबह भिलाई स्थित बघेल निवास पर छापा मारकर चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के दिन ही गिरफ्तार किया था। उन पर छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। मामले में पूछताछ के लिए कोर्ट ने उन्हें 5 दिन की रिमांड पर भेजा था। 22 जुलाई को सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 4 अगस्त तक के लिए 14 दिन की न्यायायिक रिमांड में जेल भेज दिया था। रिमांड खत्म होने पर आज उन्हें दोबारा कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें फिर से 14 दिन की न्यायायिक रिमांड में जेल भेज दिया। अब चैतन्य बघेल को 18 अगस्त को कोर्ट में पेश किया जायेगा। 21 जुलाई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोनल कार्यालय की ओर से प्रेस नोट में दी गई जानकारी के अनुसार, ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को 18 जुलाई को धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत गिरफ्तार किया है। शराब घोटाले की जांच ईडी ने भारतीय दंड संहिता (IPC) की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत एसीबी/ईओडब्ल्यू रायपुर द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस घोटाले के कारण प्रदेश के खजाने को भारी नुकसान हुआ और करीब 2,500 करोड़ रुपये की अवैध कमाई (पीओसी) घोटाले से जुड़े लाभार्थियों की जेब में पहुंचाई गई।

### भूपेश बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उनके बेटे चैतन्य बघेल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। अग्रिम जमानत के लिए लगाई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जाने कहा है। कोर्ट ने सवाल उठाया कि दोनों ने एक ही याचिका में पीएमएलए के कई सेक्शन को चुनौती देने के साथ-साथ जमानत जैसी व्यक्तिगत राहत की मांग भी की है। भूपेश बघेल और चैतन्य को सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करने पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- 'जब किसी मामले में कोई प्रभावशाली व्यक्ति शामिल होता है तो वो सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख करता है। यदि हम ही सब केस सुनेंगे तो बाकी अदालतें किस लिए हैं। अगर ऐसा ही होता रहा तो फिर आम आदमी कहां जाएंगे। एक साधारण आदमी और वकील के पास पैरवी के लिए सुप्रीम कोर्ट में कोई स्पेस ही नहीं बचेगा।

सार बातें

राहुल गांधी से अदालत ने पूछा- आपको कैसे पता है कि चीन ने भारत की जमीन हड़पी?

# सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को फटकार लगाई

नई दिल्ली,4 अगस्त। भारतीय सेना पर टिप्पणी करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। कोर्ट ने राहुल गांधी से पूछा कि उन्हें कैसे पता चला कि 2000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर चीन ने कब्जा कर लिया है? क्या आप वहां थे? क्या आपके पास कोई विश्वसनीय सामग्री है? सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को ऐसे बयान देने से बचने की नसीहत देते हुए कहा, 'आप विपक्ष के नेता हैं, संसद में अपनी बात कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। बता दें कि सेना पर टिप्पणी करने के इस मामले में समन के खिलाफ राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**राहुल गांधी की ओर अभिषेक सिंघवी ने रखा तर्क**-इस दौरान राहुल गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अगर विपक्ष के नेता मुद्दे नहीं उठा सकते, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति होगी। अभिषेक सिंघवी ने कहा, 'अगर वह प्रेस में छपी ये बातें नहीं कह सकते, तो वह विपक्ष के नेता नहीं हो सकते।' पीठ की सच्चे भारतीय टिप्पणी पर अभिषेक सिंघवी ने जवाब दिया, 'यह भी संभव है कि एक



सच्चा भारतीय कहे कि हमारे 20 भारतीय सैनिकों को पीटा गया और मार डाला गया। यह भी चिंता का विषय है।'

**'राहुल गांधी के पास एक उचित मंच मौजूद था'**-इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा, 'जब सीमा पार संघर्ष होता है, तो क्या दोनों पक्षों में हताहत होना असामान्य है?' इस पर अभिषेक सिंघवी ने कहा कि राहुल गांधी केवल उचित जानकारी देने और सूचना के दमन पर चिंता जताने की बात कर रहे थे। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि एक जिम्मेदार विपक्ष नेता होने के नाते, राहुल गांधी को ऐसा नहीं करना चाहिए था क्योंकि ऐसे सवाल उठाने के लिए एक उचित मंच मौजूद था। इस बात से सहमत होते हुए कि राहुल गांधी बेहतर तरीके से टिप्पणी कर सकते थे, अभिषेक सिंघवी ने कहा कि शिकायत याचिकाकर्ता को परेशान करने के प्रयास के अलावा और कुछ नहीं है। इस दौरान उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 223 का हवाला दिया और कहा कि अदालत की तरफ से किसी आपराधिक शिकायत का संज्ञान लेने से पहले अभियुक्त की पूर्व सुनवाई अनिवार्य है, जो वर्तमान मामले में नहीं की गई।

**राहुल गांधी को अदालत ने दी राहत**–सुप्रीम कोर्ट ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एक जिले की अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक भी लगा दी। बता दें कि इस मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 29 मई को राहुल गांधी की याचिका खारिज कर दी थी। फिर राहुल गांधी ने समन आदेश और शिकायत को यह कहते हुए चुनौती दी थी.

खंडेलवाल महिला मंडल का श्रावण हरियाली तीज महोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

# पारंपरिक खेल व प्रश्नोत्तरी से आनंदित हुई महिलाएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 4 जुलाई।** संस्कारधानी राजनांदगांव में खंडेलवाल महिला मंडल सचिव भगवती खंडेलवाल, ने बताया कि अध्यक्ष सरला खंडेलवाल के नेतृत्व में श्रावण तीज हरियाली महोत्सव हर्षोल्लास से भगवान मोतीनाथ मंदिर परिसर में खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा विगत दिनों दोपहर 2:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक आयोजित किया गया द्य खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष सरला खंडेलवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति परंपरा में त्योहारों को जीवंत रूप मातृभूमि एवं प्रकृति से जुड़ा हुआ है हरियाली तीज का त्यौहार प्रकृति की मनमोहक



सुंदरता से महिलाओं में उमंग की फुहार का संचार करता है रंगों की बहार इंद्रधनुष से सतरंगी रंग में रग रंगीला श्रावण की हरियाली में ओत प्रोत वातावरण में अनेक रंगीन फूलों की महक तीज महोत्सव हर्षोल्लास परंपरा संस्कृति एवं वेशभूषा प्रकृति के अनुकूल प्रतीत होती है मिट्टी की मनमोहक सोंधी खुशबू मन को आनंदित करती है श्रावण झूले का विशेष महत्व होता है समाज की महिलाओं ने झूला झूलकर हरियाली तीज का आनंद उठाया श्रावण तीज की विशेष मिठाई घेवर से एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया , खंडेलवाल समाज की वरिष्ठ जनों की उपस्थिति शारदा खंडेलवाल, शशिप्रभा खंडेलवाल संतोष खंडेलवाल, उषा खंडेलवाल, सुनीता खंडेलवाल, शैल खंडेलवाल व अन्य सामाजिक महिला बड़ी संख्या में उपस्थित रही उपाध्यक्ष अंजू खंडेलवाल, सहसचिव विनीता खंडेलवाल, प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य राधा खंडेलवाल , नीलम खंडेलवाल मेघा संगठन खंडेलवाल द्वारा महिलाओं के पुरातन पारंपरिक खेल, विभिन्न पर्यावरण, धार्मिक, पारिवारिक, सामाजिक, मौखिक प्रश्नोत्तरी उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया सभी ने सामूहिक पर्यावरण मित्र व रक्षक बनने का श्रावण हरियाली तीज में में संकल्प लिया आयोजन को सफल बनाने में संध्या खंडेलवाल, प्रिया खंडेलवाल, रितु खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल का विशेष योगदान रहा।

# अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से पालन करें: मुनि वीरभद्र

## चातुर्मासिक प्रवचन : मां-बाप को वृद्धाश्रम ना भेजें, उनकी सेवा करें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 4 अगस्त।** विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि अपने कर्तव्यों का पूर्ण ईमानदारी से पालन करें। बाप हो तो बाप के दायित्व का पालन करें और बेटा हो तो बेटे के दायित्व का पालन करें। उन्होंने कहा कि आजकल देखने में यह आ रहा है कि लोग यदि कर्तव्य पूरा करते हैं तो उसका यश भी चाहते हैं।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि यश के पीछे मत भागो





और यश की चाह छोड़कर अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा के साथ पालन करें। स्वयं को आचार संपन्न बनाएं अर्थात आप जिस पद पर हैं, उस पद की गरिमा का पूरा ख्याल रखें और उसके अनुरूप आचरण करें। परमात्मा के वचन का आत्म चिंतन करें। आत्म कल्याण के लिए यह जरूरी भी है कि हम परमात्मा के वचन का मनन - चिंतन करें व इसका पालन करें।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि अच्छे कार्य का श्रेय हम अपने को देते हैं और यदि कोई कार्य बिगड़ जाता है तो उसका दोष हम दूसरों पर मढ़ देते हैं। हम यह जानने की कोशिश नहीं करते कि आखिर यह गलती क्यों हुईऔर हम यह मानने की कोशिश भी नहीं करते हैं कि जो कुछ हो रहा है वह कर्मों कारण हो रहा है। हम यह सोचते नहीं और तत्वों का चिंतन करते नहीं।

## एक नजर

### चंद्रमौलेश्वर महाकाल की राजसी पालकी यात्रा निकली, साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

**राजनांदगांव, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** चंद्रमोलेश्वर महाकाल मंदिर सिंघोला से जुड़ी महाकाल



सेना कि 4 अगस्त सोमवार को भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु जन सम्मिलित हुए पालकी यात्रा के दौरान धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा श्रद्धालु जनों का आत्मीय स्वागत किया गया। महेश पथ में पालकी यात्रा का भव्य स्वागत एवं विशेष प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। नीलू शर्मा व पवन डागा ने बताया कि चतुर्थ सोमवार यात्रा 4 अगस्त को राजसी पालकी यात्रा सिद्ध पीठ मां शीतला माता मंदिर, फव्वारा चौक, जमात पारा, महाकाल चौक, आजाद चौक, महेश पथ, लोहार पारा, माँ काली शक्ति पीठ, बस स्टैण्ड, सिद्ध पीठ मां काली शक्ति पीठ बस स्टैंड भरका पारा विश्राम किया।

### जबलपुर रायपुर इंटरसिटी से मिलेगा नांदगांव के व्यापार को बढ़ावा : सांसद

**राजनांदगांव, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जबलपुर रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नांदगांव



स्टॉपेज करने में सांसद संतोष पांडे का अथक प्रयास आने वाले दिनों में राजनांदगांव के व्यापार व्यवसाय के लिए अच्छा संकेत दे रहा है। पांडे ने कहा लोकल फ़ॉर वोकल में स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने को कहा है। कैट के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद संतोष पांडे से मुलाकात कर उन्हें इसके लिए बधाई दी एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैट के जिलाध्यक्ष राजू डागा, संजय तेजवानी, आलोक श्रोती, आलोक बिंदल अरुण, शुक्ला शुक्ला एवं आशु सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त मिलने से किसानों में खुशी

**बलौदाबाजार, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ग्राम अर्जुनी निवासी किसान गणेश राम वर्मा



के लिए शनिवार का दिन खास था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी की और उनके खाते में 2, 000 की राशि पहुंची। गणेश राम वर्मा ने मुस्कुराते हुए कहा यह राशि मेरे लिए केवल पैसों की मदद नहीं, बल्कि मेहनत को नई दिशा देने वाला सहारा है। मैं इसे खेत में निंदाई और जुताई के लिए उपयोग करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मैं तहेदिल से आभारी हूँ।卐 यह योजना उनके जैसे अनगिनत किसानों के लिए सहारा बन गई है। छोटी सी मदद जब सही समय पर मिलती है, तो वह खेतों में हरियाली और किसानों के दिलों में नई उम्मीद का संचार कर देती है।

### संस्कार आदर्श जीवन का आधार : डागा

**रायपुर, 4 जुलाई।** बचपन में मिले संस्कार बच्चों में आध्यात्मिक संस्कारों का बीजारोपण तो करते ही हैं साथ ही आदर्श जीवन जीने के आधार का कार्य भी करते हैं। इसी भावना को ध्यानार्थ करते हुए प. पूज्य मुनिराज शोभनतिलक विजयजी महाराज साहब के सान्निध्य में शांति कल्याण चातुर्मास समिति द्वारा प्रति रविवार बालक–बालिकाओं हेतु आध्यात्म शाला का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि शाला में सकल जैन समाज के लगभग 125 से अधिक बालक–बालिकाओं की सहभागिता हो रही है। उन्हें रोचक तथ्य आधारित कथानक के माध्यम से प्रेरणा दी जा रही है साथ ही जीवन में त्याग प्रत्याखान के महत्व को समझाते हुए उन्हें ग्रहण करने प्रेरित किया जा रहा है। शाला के समापन पर सहभागी बच्चों को आकर्षक सहभागिता पुरस्कार व जैन सात्विक स्वल्पाहार का रसावादन कराया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने किया अटल परिसर का लोकार्पण व नालंदा परिसर का भूमिपूजन

# सुन्दर, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त शहरों का विकास सरकार की प्राथमिकता : अरुण साव

■ नगर पालिका बलौदाबाजार में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित गार्डन चौक में निर्मित अटल परिसर का लोकार्पण किया। उन्होंने अटल परिसर में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके साथ ही 4 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने नगर पालिका बलौदाबाजार में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है जिसमें अटल परिसर का लोकार्पण एवं नालंदा परिसर का भूमिपूजन जैसे महत्वपूर्ण कार्य हुआ




है। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी की एक- एक गारंटी को हमारी सरकार पूरा करने का कार्य कर रही है। जब से हमारी सरकार बनी है तब से विभिन्न प्रकार के कार्य निरंतर जारी है। प्रदेश के शहरों को सुन्दर, सुव्यास्थित एवं सुविधायुक्त बनाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने का काम शुरू हो चुका है और तेज गति से निर्माण कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार के रामसागर तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 2 करोड़ एवं मुरुम तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए 80 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। उन्होंने बलौदाबाजार में सुव्यवस्थित सब्जी मण्डी संचालन हेतु कार्ययोजना बनाने कहा।

साव ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न स्व अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा देश व प्रदेश में किये गये विकास कार्यो का स्मरण करते हुए कहा कि शहर से लेकर गांव तक जो भी विकास कार्य हुए उसका श्रेय अटल ज़ी को जाता है। प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के माध्यम से गांव -गांव सड़क पहुंचाकर विकास के रास्ते खोले। बाजपेयी ज़ी के स्वप्न को पूरा करने एवं प्रधानमंत्री मोदी ज़ी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार जिला अभी भी काफी पिछड़ा है एवं विकास की गति तेज करने की जरूरत है। बलौदाबाजार नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। उन्होने कहा कि नालंदा परिसर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु कोचिंग करने वाले परीक्षार्थियों के लिए बड़ी सुविधा होगी। अब उन्हें कोचिंग के लिए अन्य प्रदेश का रुख नहीं करना पड़ेगा।कार्यक्रम को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले 5 हितग्राहियो को आवास की चाबी सौपा गया तथा 3 हितग्राहियो को राशन कार्ड व 3हितग्राहियो को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता सहित पार्षदगण एवं बड़ी नगरवासी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### सशिमं सासाहोली में विज्ञान मेला





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 4 अगस्त।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली में आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय की जयंती पर 'विज्ञान मेला' का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि रानी जैन पार्षद, विशिष्ट अतिथि सौरभ जैन भाजपा तिल्दा नगर मण्डल उपाध्यक्ष, दिलीप शर्मा पूर्व व्यवस्थापक-विद्यालय प्रबंधन समिति, स्वप्निल श्रीवास्तव व्यवस्थापक-विद्यालय प्रबंधन समिति प्राचार्य श्रवण कुमार साहू एवं विज्ञान प्रभारी दीदी ललिता निर्मलकर के द्वारा माँ सरस्वती, ओम एवं माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् कक्षा अरुण से कक्षा द्वादश के भैय्या-बहनों के द्वारा भाषण, निबंध, माडल, चार्ट, रंगोली, प्रयोग आदि का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं अपने जन्मदिन की खुशी आप लोगों के साथ साझा करने एवं विज्ञान मेला देखने आई हूँ।मुझे विज्ञान मेला में बुलाकर सम्मानित करने पर विद्यालय परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सौरभ जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान के प्रतिनिधि बच्चों की रूचि देखकर बहुत अच्छा लगा।यहाँ के बच्चे विज्ञान के क्षेत्र में विद्यालय का नाम जरुर रोशन करेंगे।

# एक्सिस बैंक कर्मी ने ग्राहकों से ठगे 2.5 करोड़ रुपये

## कर्मचारी ने रिश्तेदारों के अकाउंट्स में ट्रांसफर किए, पति-पत्नी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 4 जुलाई।** राजनांदगांव जिले में एक्सिस बैंक के पूर्व कर्मचारी ने 2 करोड़ 50 लाख की ठगी की है। कस्टमर के नाम से फर्जी लोन लेता था, रकम को अपने रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर कर देता था। पुलिस ने पति-पत्नी को अरेस्ट किया है। मामला डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी का नाम उमेश गोरले (46) है। वहीं उसकी पत्नी का नाम उषा गोरले (43) है। पति-पत्नी ने मिलकर नवंबर 2022 से अप्रैल 2025 के बीच ग्राहकों के नाम पर फर्जी लोन, ओवरड्राफ्ट खाते और नेट बैंकिंग का मिसयूज कर पैसे निकाले हैं। ठगी के पैसों से एक कार भी खरीदी। दरअसल, 26 जुलाई को मैनेजर रिंकू कुमार ने डोंगरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया था कि उमेश गोरले (46) ने नवंबर 2022 से अप्रैल 2025 के बीच




ग्राहकों के नाम पर फर्जी लोन, ओवरड्राफ्ट खाते और नेट बैंकिंग का मिसयूज कर पैसे निकाले हैं। उन्होंने बताया कि उमेश पहले रकम को मणप्पुरम गोल्ड लोन खातों में ट्रांसफर करता था। इन खातों में उसका अपना खाता भी लिंक था। इसके बाद वह पैसे पत्नी उषा गोरले (43) और मां तारादेवी गोरले के खातों में ट्रांसफर कर देता था।

**मां का अकाउंट भी हैंडल करता था आरोपी:** पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि तारादेवी का बैंक खाता उमेश के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी से जुड़ा था। ऐसे में आरोपी की मां के खिलाफ भी जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने धोखाधड़ी के पैसों से खरीदी गई कार, लैपटॉप, मोबाइल जब्त कर लिया है। अब तक 43 खाताधारकों ने शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा बैंक के दस्तावेज, पासबुक, एटीएम कार्ड और स्टाम्प पेपर भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 316(5) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। लोन की लिमिट बढ़ाने दस्तावेज मांगे थेन्न इस मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित चांदमल अग्रवाल बैंक पहुंचकर अपनी एफडी की जांच कर रहे थे। जांच के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि उनकी एफडी पर लाखों रुपए का लोन चल रहा है। इस पर उन्होंने तुरंत बैंक प्रबंधन को सूचना दी।

**धोखाधड़ी की बात मानी, पैसे नहीं लौटाएन्न** बैंक प्रबंधन की ओर से की गई शिकायत के अनुसार, आरोपी ने कुल छह उपभोक्ताओं के खातों से करीब 1.06 करोड़ रुपए की राशि गबन की है। इनमें 31 लाख से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक की धोखाधड़ी शामिल है। जब ग्राहकों को इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली और उन्होंने उमेश गोरले से संपर्क किया, तो उसने गड़बड़ी स्वीकार करते हुए राशि लौटाने का वादा किया। लेकिन रकम वापस नहीं मिलने पर सभी पीड़ितों ने इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### मोरज चुने गए नव आनन्द कला मंदिर के अध्यक्ष, नगरवासियों ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 4 अगस्त।** नगरी नगर का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर नव आंनद कला मंदिर नगर वासियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मंच है। यह हमारे अतीत, हमारी पहचान और गौरव का प्रतीक है। यह हमें अपने पूर्वजों के बारे में जानने, उनकी जीवनशैली, कला, विज्ञान, और संस्कृति को समझने में मदद करती है। नगर के शांति सद्भावना और भाईचारे का प्रतीक नव दुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव को पूरे विधि-विधान के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में नव आनंद कला मंदिर नगरी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें दुर्गा चौक निवासी मोरज पटेल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है।



बता दें कि नगर में विगत 69 वर्षों से नवदुर्गा एवं विजयदशमी महोत्सव एक ही स्थान पर संपादित किया जाता है जो कि किसी भी नगरवासी के लिए गर्व का विषय है। प्रति वर्ष इस सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष चुनाव के समय नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सर्व सम्मति से फैसला लेकर मोरज पटेल को अध्यक्ष बनाया गया है। इस मौके पर नव नियुक्त अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नगर वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के सहयोग से कार्यकारिणी का विस्तार शीघ्र ही किया जायेगा।




# अल्दा में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने चलाया सदस्यता अभियान

**तिल्दा-नेवरा, 4 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अल्दा गांव में आज जिस उत्साह से लोग क्रान्ति सेना का हिस्सा बने हैं, वह बताता है कि अब नेतृत्व गांव से होगा। यह सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि उन करोड़ों ग्रामीणों की आवाज़ है, क्रान्ति सेना की सदस्यता ले रहे लोग अब अपने प्रतिनिधियों से सिर्फ विकास नहीं, ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की उम्मीद कर रहे हैं। यह आंदोलन अब सिर्फ अल्दा का नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के हर उस गांव का है, जो अब शोषण का शिकार नहीं बनना चाहते। ग्राम अल्दा की यह क्रान्ति न केवल एक गांव को बचाने की लड़ाई है, बल्कि यह पूरी ग्रामीण भारत की आत्मा को जगाने का शंखनाद है। जब गांव बोलेगा, तो सत्ता को सुननी पड़ेगी – यह अल्दा साबित करके रहेगा छत्तीसगढ़ का छोटा-सा गांव 'अल्दा' अब किसी मानचित्र का*छत्तीसगढ़ क्रान्ति सेना के साथ होकर एक नई क्रान्ति की शुरुआत करेंगे ग्रामीण* बालाजी स्पंज एंड पावर प्रा. लिमिटेड जैसे उद्योगों के ज़हरीले साये से अपने गांव की हरियाली, जीवनशैली और भावी पीढ़ियों को बचाने के लिए ग्राम अल्दा के ग्रामीणों ने जो एकता दिखाई है, उसने फैक्ट्री प्रबंधन, शासन प्रशासन के भ्रष्ट तंत्र, जनता की हितैषी कहलाने वाली डबल इंजन की सरकार और उसके दलालों का जीना हराम कर दिया है। भूतपूर्व सरपंच, कुछ पंचों और राजनैतिक दल के एक भडुवे चवन्नी छाप टुच्चे नेता द्वारा कथित धोखाधड़ी कर फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की घटना ने गांव की चेतना को जगा दिया। जब ग्रामसभा की मर्जी के खिलाफकाम हुआ।

उपमुख्यमंत्री साव शामिल हुए साहू समाज के सामाजिक भवन लोकार्पण व छात्र सम्मान समारोह में

# 'अच्छे संस्कार व विचार से समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत'

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित साहु समाज के सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं प्रतिभावान छात्रों के सम्मान समारोह में शामिल हुए। इसके पूर्व उन्होने जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में नवनिर्मित सामाजिक भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि



साहु समाज द्वारा बहुत ही सुंदर सामाजिक भवन का निर्माण कराया गया है। इस सुंदर भवन की तरह ही अपने समाज को भी बनाना होगा। प्रदेश में सबसे बड़ा साहु समाज है इसकी प्रतिष्ठा बनाए रखना होगा।समाज एकजुट होकर आगे बढ़े। अच्छे संस्कार और विचार के साथ अपने समाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होने कुरीतियों को विकास में बाधक बताते हुए इसे समाज से दूर करने की बात कही। वर्तमान में मोबाइल व इंटरनेट के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्परिणामों के प्रति सचेत रहने की अपील करते हुए कहा कि आज हर हाथ में मोबाइल है और लोग इसमें व्यस्त है। इसके दुष्परिणाम के बारे में सोचना होगा और केवल अच्छी जानकारी के लिए उपयोग को बढ़ावा दें। उन्होने छात्र -छात्राओ से कहा कि परीक्षा में मेरिट आने में अपनी मेहनत के साथ अपने माता - पिता व गुरुजनों का भी उतना ही योगदान है। उन्होंने कहा कि जीवन में नैराश्य और आलस्य कभी न आने दें। ये दोनों आगे बढ़ने में हमेशा बाधक होते हैं।उप मुख्यमंत्री ने धर्मान्तिरण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोग अपने पुरखो से चली आ रही धार्मिक रीति को त्यागने तैयार हो रहे जो बड़ी गंभीर बात है। समाज को इसके कारणों पर गहन विचार और लोगों को एकजुट करना होगा।

# तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 4 अगस्त।** अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में बीते रविवार को तीन बच्चो की तालाब में डूबने से मौत हो जाने पर पूरे गाँव मे मातम पसर गया ।थाने से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे अपने घर से निकले थे और खेलते-खेलते तालाब में नहाने घुसे जिससे तीनो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक तीनों बालको की उम्र लगभग 6 से 7 साल बताया गया है।

तीनों बच्चों का शव अंबागढ़ चौकी मरच्युरी में रखवाया गया है। इस घटना को लेकर बताया गया कि ग्राम छछानपाहरी में लगभग शाम 5 बजे के बीच गांव के तीन बच्चे



नव्यांश पिता सुभाष 6 वर्ष, लक्ष्य पिता वेदप्रकाश 7 वर्ष व हिमांशु पिता प्रवीण साहू 7 वर्ष आज रविवार छुट्टी के दिन अपने घर से लगभग 4 बजे खेलने के नाम पर निकले हुए थे। गांव में घूमते-घूमते वे दूसरे मोहल्ला में पहुंच गए, जहां गांव से बाहर स्थित तालाब से तीनों को डूबे हुए हालात से निकाला गया। जिनकी मौत हो गई। इस हादसे में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

**बच्चो को बचाने का किया गया प्रयास :** तालाब में डूबे तीनों बच्चों को बचाने परिजन तथा अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर तथा अन्य स्टाफद्वारा बेहद कोशिश की गई, परंतु तीनों बच्चे तब तक दम तोड़ चुके थे।

**तालाब के पास मिले बच्चो के पहने कपड़े:** परिजनों द्वारा जब बच्चों की तलाश की गई, इस दौरान लबालब भरे तालाब के तट में तीनों बच्चों का कपड़ा मिला। जिसके बाद तालाब की गहराईयों में तलाश के दौरान तीनों बच्चे निकाले गए, जिन्हें आनन-फानन में अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संपादकीय

# असली फायदा भारत को

भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को जबरदस्त बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। लेकिन लगता है कि असली फायदा भारत को मिलने वाला है।भारत से 99 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क श्रेणियां खत्म होंगी। दोनों देशों में व्यापार 34 अरब डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच तीन साल की बातचीत के बाद इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं बस ब्रिटेन की संसद को इसे मंजूरी की औपचारिकता बाकी है। अब भारतीय वस्तुओं के लिए सभी क्षेत्रों में व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है। व्यापार समझौते के बाद भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न एवं आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग वस्तुओं को ब्रिटेन में बेहतर बाजार मिलेगा और कृषि उत्पादों एवं प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को वृद्धि के नये अवसर मिलेंगे। समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, एमएसएमई क्षेत्र के लिए वरदान समान साबित होगा। ब्रिटेन में बने चिकित्सा और वैमानिकी उपकरण जैसे उत्पाद भारतीयों एवं उद्योगों तक किफायती कीमत पर पहुंच सकेंगे। दोनों देश एफटीए के साथ 'दोहरे अंशदान समझौते" (डीसीसी) पर भी आम सहमति के करीब हैं। इससे दोनों के सेवा क्षेत्र, खासकर प्रौद्योगिकी और वित्त, में नई ऊर्जा का संचार होगा। ब्रिटेन का भी भारतीय बाजार में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी। ब्रिटेन पहले से ही भारत से 11 अरब पाउंड का सामान आयात करता है लेकिन भारतीय वस्तुओं पर शुल्क कम होने से ब्रिटिश उपभोक्ताओं के लिए भारतीय उत्पादों की खरीद अधिक आसान हो जाएगी। इससे ब्रिटेन को होने वाला निर्यात बढ़ेगा। दीर्घावधि में ब्रिटेन की जीडीपी में सालाना 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी जिसका फायदा ब्रिटेन के हर क्षेत्र को होगा। ईयू छोड़ने (ब्रेक्जिट) के बाद ब्रिटेन के लिए यह सबसे महत्त्वपूर्ण द्विपक्षीय व्यापार समझौता है। भारत के लिए भी यह अब तक का सबसे व्यापक समझौता है। ब्रिटेन और भारत के बीच निर्यात एवं आयात करने के लिए बहुत से दस्तावेज की जरूरत भी कम हो जाएगी और प्रक्रिया बहुत सरल हो जाएगी। विश्व की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच हुआ यह समझौता ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन को मुश्किल से निकालेगा तो भारत को भी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप नौकरी में कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी दूसरी नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है, लेकिन फिर भी आप पुरानी में ही टिके रहें। आप अपनी सेविंग पर पूरा ध्यान देंगे जिस कारण आप बचत की योजनाओं में भी धन लगाएंगे। किसी नए मकान या दुकान आदि की खरीदारी आप कर सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से तालमेल बनकर चलना होगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

वृषभ आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेंगा, क्योंकि आपके मन में उथल-पुथल बनी रहेगी। आपने यदि किसी से कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह भी परिवार के सदस्यों के सामने उजागर हो सकती है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान दें। अपने कामों को आप कल पर टालने से बचें। किसी दूसरे की कोई बात आपसे बनते बनते बिगाड़ सकती है। राजनीति में आपको किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा।

मिथुन आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किसी एक्सपर्ट की राय के बिना ना करें। संतान की संगति को लेकर आपको थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आपके बिजनेस में पार्टनर धोखा दे सकता है। कोई कानूनी मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

कर्क आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जिससे परिवार में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी से आपके रिश्ते भी पहले से बेहतर रहेंगे, लेकिन आपके बॉस को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, इसलिए आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें और आप अपने घर व बाहर के कामों में तालमेल बनाकर चले, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है।

सिंह आज आपको अपनी कमियों को दूर करके अपने व्यवसाय में सुधार लाने की आवश्यकता है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपने यदि कोई लोन ले रखा था, तो उसे भी आप उतारने की कोशिश करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कन्या आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आज आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी और यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से हो रहा था, तो उसमें भी आपको राहत मिलती दिख रही है। आपको मनपसंद काम मिलने की संभावना है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे, जिससे आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेंगी। जो आपके बिजनेस में आपको अच्छी राह देंगे।

तुला आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको कामों में टेंशन बनी रहेगी, क्योंकि बिजनेस में भी आपको अच्छा लाभ न मिलने से निराशा होगी। आप यदि किसी योजना में धन लगाएंगे, तो उसके भी डूबने की संभावना है। आपको अपने निर्णय भी थोड़ा सोच समझ कर लेने होंगे, क्योंकि किसी के कहने में आकर लिए गए निर्णय के लिए बाद में पछतावा होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। भाई- बहनों से आपकी खूब बनेंगी।

वृश्चिक आज आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें, क्योंकि आप अपनी अच्छी सोच से अपने विरोधियों पर भी विजय प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटाना है और आप यदि नौकरी में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो आपको कोई दूसरा ऑफर भी आ सकता है।

धनु आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। बिजनेस में भी आप सोच समझकर धन लगाएं, क्योंकि किसी जोखिम को लेना आपके लिए नुकसानदायक रहेगा। आप अपने घर की रंगाई पुताई की योजना बना सकते हैं। आपकी कोई पारिवारिक समस्या यदि लंबे समय से आपको टेंशन दे रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई बात सोच समझ कर बोलनी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।


मकर आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा, लेकिन सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा लाभ होगा। आप अपनी माताजी से किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

कुंभ आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी और कार्यक्षेत्र में भी आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है। आपके बॉस आपके काम से काफी खुश होंगे। आप अपने परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन भी कर सकते हैं, लेकिन वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

मीन आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों से भरा रहने वाला है, क्योंकि आपके कामों में कुछ विघ्न आने की संभावना है और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों के कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आपकी संतान को यदि पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए भी आपको उनके गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। आप किसी नए काम में सोच समझकर हाथ डाले। पिताजी का कोई पुराना रोग उभरेगा, जो आपको टेंशन देगा।

## विज्ञान

# भारत-रूस दोस्ती का प्रतीक है निसार



29 जुलाई को रूस के सुदूर पूर्व में जब 8.8 तीव्रता का विनाशकारी भूकंप आया, ठीक उसके अगले दिन 30 जुलाई को भारत ने श्रीहरिकोटा से एक नया उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया - NISAR (NASA-ISRO Synthetic Aperture Radar) यह केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं थी, बल्कि एक प्रतीकात्मक संदेश भी थाः जब धरती कांपती है, तब विज्ञान को जागना पड़ता है।



**दो देशों का साझा प्रयास, पूरी धरती की निगरानी**-NISAR दुनिया का पहला ऐसा उपग्रह है जो दोहरी आवृत्ति रडार तकनीक (L-बैंड व S-बैंड) का उपयोग करके पृथ्वी की सतह में हो रहे बेहद सूक्ष्म बदलावों को माप सकता है-वह भी मिलीमीटर स्तर तक इसका अर्थ हैः यह उपग्रह भूकंप, सुनामी, भूस्खलन, हिमखंड के टूटने और अन्य भूगर्भीय गतिविधियों के शुरुआती संकेत पहचान सकता है। यह उपग्रह 747 किमी की ऊँचाई से पृथ्वी की सतह का अवलोकन करेगा और हर 12 दिन में एक बार पूरी पृथ्वी का उच्च-रिज़ॉल्यूशन स्कैन करेगा। यह एक ऐसी अंतरिक्ष निगाह है जो न थकती है, न झपकती है, बस सावधान रहती है।

**वर्तमान समय में महत्व**-जलवायु परिवर्तन, भूकंपीय अस्थिरता और शहरीकरण- ये सभी पृथ्वी की संरचना को लगातार चुनौती दे रहे हैं। रूस का हालिया भूकंप, जो उस क्षेत्र के इतिहास में सबसे शक्तिशाली भूकंपों में से एक था, इस बात की याद दिलाता है कि प्राकृतिक आपदाएं अब और अधिक तीव्र, अप्रत्याशित और घातक हो रही हैं।

NISAR का मिशन यही है- आपदा आने से पहले उसका पूर्वाभास देना, ताकि समय रहते जान-माल की रक्षा की जा सके।

**भारत के लिए रणनीतिक संपत्ति**--खासकर हिमालयी क्षेत्र, पूर्वोत्तर और तटीय भारत एक अत्यंत संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है इलाके NISAR भारत को कई, निम्नलिखित मोर्चों पर सशक्त करेगा:हिमालय में ग्लेशियरों के पिघलने और हिमसंग्रह की निगरानी

दिल्ली, कोलकाता जैसे शहरों में ज़मीन धँसने की पहचान ब्रह्मपुत्र घाटी में नदी कटाव का ट्रैकिंग अंडमान और पूर्वी तटों पर सुनामी की चेतावनी प्रणाली को मज़बूत बनाना बाढ़, भूस्खलन और चक्रवातों के बाद हुए नुकसान का आकलन इसके अलावा यह उपग्रह कृषि, वानिकी, शहरी नियोजन और जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भी उपयोगी सिद्ध होगा।

**विज्ञान की साझी उड़ानः भारत-अमेरिका सहयोग**-NISAR केवल एक उपग्रह नहीं, बल्कि भारत और अमेरिका के बीच अब तक का सबसे गहन अंतरिक्ष सहयोग है।NASA ने L-बैंड रडार और प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली प्रदान की, जबकि ISRO ने उपग्रह ढांचा, प्रक्षेपण सेवा और S-बैंड रडार का निर्माण किया।


इस सहयोग ने यह दिखाया कि अंतरिक्ष की दौड़ केवल सामरिक या सैन्य प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं है वैज्ञानिक सहयोग भी वैश्विक हित में अग्रणी भूमिका निभा सकता है।

**खुले आंकड़े, वैश्विक लाभ**-NISAR का एक और महत्वपूर्ण पहलू है- इसकी ओपन डाटा नीति। इस उपग्रह से मिलने वाला सारा डाटा दुनियाभर के शोधकर्ताओं और सरकारों को निःशुल्क उपलब्ध होगा। भारत के लिए इसका अर्थ हैः उच्च गुणवत्ता वाला पृथ्वी-विज्ञान डाटा, बिना बार-बार के खर्च के। पर इसका अर्थ यह भी है कि भारत की वैज्ञानिक संस्थाओं को अब अपनी डेटा प्रोसेसिंग, भू-स्थानिक विश्लेषण और आपदा मॉडलिंग क्षमताओं को विकसित करना होगा ताकि इस डाटा का ज़मीन पर प्रभावी उपयोग हो सके।

**एक संवेदनशील उपग्रह की निगरानी**-आज के इस अनिश्चित दौर में चाहे वह जलवायु हो, भूकंप हों या शहरी दबाव - पृथ्वी को ऐसी निगाहों की ज़रूरत है जो निरंतर और सजग रहें INISAR ऐसा ही एक अंतरिक्षीय प्रहरी है जो 747 किमी की ऊँचाई से हमारे पहाड़ों, नदियों, जंगलों और शहरों पर नज़र रखेगा - हमें चेताएगा, बदलाव को समझने में मदद करेगा और संभवतः जीवन बचाएगा।

# जिसका 'दोस्त' अमेरिका उसे दुश्मन की ज़रूरत क्या है ?

तनवीर जाफ़री



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प शांति का नोबल पुरस्कार लेने की फ़िराक़ में तो ज़रूर हैं परन्तु उनके फ़ैसले व बयानों से यही नज़र आ रहा है गोया उन्होंने पूरे विश्व को अशांत व विचलित करने का ठेका ले रखा है। ख़ासकर चूँकि वे स्वयं एक व्यवसायी पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखते हैं इसलिये उनके अनेक फ़ैसलों व बयानों में व्यवसायिकता का भाव साफ़ देखने को मिलता है। इत्तेफ़ाक़ से यही डोनाल्ड ट्रम्प 2017 से 2021 के अपने पहले कार्यकाल के दौरान झूठ बोलने व भ्रामक दावे करने का भी 'विश्व कीर्तिमान ' बना चुके हैं। अमेरिकी प्रतिष्ठित समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक़ ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में कुल 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। यानी उन्होंने औसतन प्रतिदिन लगभग 21 झूठे दावे किए थे । 2021 में राष्ट्रपति भवन से उनकी बिदाई कितनी हिंसक व शर्मनाक थी यह भी दुनिया ने देखा था। बहरहाल उनकी दक्षिणपंथी सोच के चलते एक बार फिर अमेरिकी जनता ने उन्हें निर्वाचित कर लिया है। परन्तु इस बार वे कुछ अलग ही 'अवतार ' में नज़र आ रहे हैं। जहाँ वे विश्व शांति दूत बनने की फ़िराक़ में युद्ध रत देशों के बीच 'युद्ध विराम ' करने वाले एक महान शांतिप्रिय नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करना चाह रहे हैं वहीं अपनी व्यवसायिक मानसिकता के कारण वे युद्धग्रस्त देशों को शस्त्रों की आपूर्ति करने में भी पीछे नहीं हैं । इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने इस दूसरे कार्यकाल में 'टैरिफ़ बम ' छोड़ कर भी अनेक देशों को विचलित कर दिया है। ख़बरों के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप अब तक 92 देशों पर टैरिफ़ लगाने की घोषणा कर चुके हैं जो संभवतः 7 अगस्त 2025 से लागू होंगे। विभिन्न देशों पर अलग अलग कारणों से टैरिफ़ लगाने के अतरिक्त इसी सन्दर्भ में पिछले दिनों उन्होंने भारत व रूस को लेकर जो ग़ैर ज़िम्मेदाराना बातें कहीं वह पूरी तरह असत्य व असभ्य थीं।




राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई 25 को सोशल मीडिया पर भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को "मृत अर्थव्यवस्था" कह डाला। उन्होंने भारत से आयात पर 25% टैरिफ़ और रूस से तेल व सैन्य उपकरणों की ख़रीद के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने तक की घोषणा कर डाली । यह क़दम भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंधों, विशेष रूप से रूस से भारत के तेल आयात और सैन्य ख़रीद के कारण उठाया गया। ट्रंप की सोच है कि भारत और रूस के बीच गहरे व्यापारिक और रणनीतिक संबंध अमेरिका के व्यापारिक हितों के ख़िलाफ़ हैं। ट्रंप ने भारत और रूस को ब्रिक्स समूह का हिस्सा होने के कारण भी निशाना बनाया, जो अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार में चुनौती देता है। इसी सन्दर्भ में ट्रंप ने भारत और रूस की रणनीतिक साझेदारी, ख़ासकर रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर तंज़ कसते हुये कहा कि उन्हें परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है, लेकिन दोनों देश अपनी "मृत अर्थव्यवस्थाओं" को और नीचे ले जा सकते हैं। यह बयान भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर अमेरिका की नाराज़गी को दर्शाता है, विशेष रूप से जब अमेरिका, रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस को अलग-थलग करने की कोशिश कर रहा है। भारत ने भले ही "मृत अर्थव्यवस्था" (Dead economy) बताने पर ट्रंप को कोई माक़ूल जवाब नहीं दिया परन्तु रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने ज़रूर ट्रंप को धमकी भरा ज़बरदस्त जवाब दे दिया।

मेदवेदेव ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा कि ट्रम्प को अपनी पसंदीदा फ़िल्म 'द वॉकिंग डेड' याद करनी चाहिए और यह सोचना चाहिए कि 'डेड हैंड' कितना ख़तरनाक हो सकता है। दरअसल 'डेड हैंड' शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की एक स्वचालित परमाणु हथियार नियंत्रण प्रणाली थी, जो बड़े पैमाने पर रूसी नेतृत्व के नष्ट होने पर भी स्वचालित रूप से परमाणु हमला शुरू कर सकती है। मेदवेदेव ने ट्रम्प को साफ़ शब्दों में चेतावनी दी कि रूस की ताक़त को कम न आंकें। मेदवेदेव की यह चेतावनी ट्रंप के रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को "मृत" क़रार देने तथा यूक्रेन युद्ध को 10 दिन में समाप्त करने की समय सीमा निर्धारित करने के जवाब में थी। उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने भी पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की "डेड हैंड" चेतावनी के जवाब में रूस के निकटवर्ती क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दे दिया है। ट्रंप ने मेदवेदेव के कथित 'भड़काऊ बयानों' का हवाला देते हुए कहा कि यह क़दम एहतियाती है ताकि ऐसी बयानबाज़ी को नियंत्रित किया जा सके। हालांकि, ट्रंप ने यह साफ़ नहीं किया कि ये पनडुब्बियां परमाणु हथियारों से लैस हैं या केवल परमाणु ऊर्जा से संचालित हैं परन्तु ट्रंप की इस घोषणा ने पूरे विश्व को चिंतित ज़रूर कर दिया है। रूस की ओर से भी यह बता दिया गया है यह दोनों ही अमेरिकी पनडुब्बियां उसके निशाने पर हैं। गोया दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया है। सवाल यह कि राष्ट्रपति ट्रंप को किसी देश की अर्थ व्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्था ' कहने का क्या अधिकार है ? वैसे भी विश्व बैंक, आईएमएफ़ सहित और भी कई अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3-6.7% अनुमानित की है। यह जीडीपी वृद्धि दर अमेरिका की 1.9% की तुलना में कहीं ज़्यादा है। इन आंकड़ों से ही पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था 'मृत ' नहीं बल्कि जीवंत है और साथ ही यह प्रति व्यक्ति आय कम होने के बावजूद यह दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक है। सच पूछिये तो आज यूक्रेन भी जिस बुरे दौर से गुज़र रहा है उसका कारण भी यूक्रेन को दिया जाने वाला अमेरिकी व नाटो समर्थन ही है। यानी यूक्रेन, अमेरिका की दोस्ती का नतीजा भुगत रहा है और अमेरिका यूक्रेन का साथ देने के बजाये इसमें भी व्यवसाय कर रहा है। इसी तरह पिछले दिनों ईरान ने अमेरिका के घनिष्ठ मित्र देश इस्राईल को धूल चटा डाली। हाँ,युद्ध के आख़री दिनों में अमेरिका ने ईरान में मामूली बंबारी कर इस्राईल को यह ज़रूर जता दिया कि घबराओ मत, हम तुम्हारे साथ हैं। परन्तु तब तक ईरान ने तेल अवीव के बड़े हिस्से को खंडहर बना दिया था। इसी तरह याद कीजिये 1971 के वह दिन जब अमेरिका ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता के रूप में अपना सातवां युद्ध पोत भेजने का दिलासा दिया था। वह सातवां बेड़ा तो पहुंचा नहीं परन्तु इंदिरा गाँधी के सबल व कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो टुकड़े ज़रूर कर दिये। आज फिर अमेरिका उसी भारत विरोधी पाकिस्तान को हर तरह से शह देने की नीति पर चल रहा है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि जिसका 'दोस्त' अमेरिका हो उसे दुश्मन की ज़रूरत ही क्या है ?

# राखी पर बनाएं ये टेस्टी-टेस्टी हाई प्रोटीन लड्डू

हाई प्रोटीन लड्डू ना केवल झटपट बन जाते हैं, बल्कि खाने में भी काफी टेस्टी होते हैं। चूंकि इनमें कई तरह के हेल्दी इंग्रीडिएंट्स को शामिल किया जाता है तो आप गिल्ट फ्री होकर इन्हें खा सकते हैं और पूरे परिवार के साथ मिलकर त्योहार का मजा उठा सकते हैं। राखी का मौका हो और मुंह मीठा ना किया जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। अमूमन राखी के मौके पर बहनें अपने भाइयों के लिए बाजार से मिठाई खरीदकर ले जाती हैं। यह



मिठाइयां ना केवल महंगी होती हैं, बल्कि त्योहारों के दिनों में इनकी क्वालिटी को लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता है। ऐसे में बाजार की मिठाई को अवॉयड करना ही अच्छा माना जाता है। यूं तो आप घर पर भी कई तरह की मिठाइयां बना सकती हैं, लेकिन अगर आप फिटनेस फ्रीक हैं या फिर भाई के स्वाद के साथ-साथ उसकी सेहत का भी ख्याल रखना चाहती हैं तो ऐसे में घर पर हाई प्रोटीन लड्डू बनाएं।

यह लड्डू ना केवल झटपट बन जाते हैं, बल्कि खाने में भी काफी टेस्टी होते हैं। चूंकि इनमें कई तरह के हेल्दी इंग्रीडिएंट्स को शामिल किया जाता है तो आप गिल्ट फ्री होकर इन्हें खा सकते हैं और पूरे परिवार के साथ मिलकर त्योहार का मजा उठा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको राखी के अवसर के लिए घर पर ही हाई प्रोटीन लड्डू बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**ओट्स और खजूर के लड्डू**-अगर आप झटपट लड्डू तैयार करना चाहती हैं तो ओट्स और खजूर के लड्डू बनाएं। इनका स्वाद भी लाजवाब होता है और यह महज 15 मिनट में बन जाते हैं।

**आवश्यक सामग्री-**

100 ग्राम ओट्स

100 ग्राम खजूर

1 बड़ा चम्मच देसी घी

30 ग्राम प्रोटीन पाउडर (ऑप्शनल)

एक बड़ा चम्मच कटे हुए बादाम या काजू

**लड्डू कैसे बनाएं-**

- सबसे पहले ओट्स को हल्का भूनकर पीस लें। - अब खजूर को मिक्सी में पीसकर पेस्ट बना लें।

- इसके बाद अब सभी चीज़ों को घी के साथ अच्छे से मिलाएं।

- थोड़ा-थोड़ा मिश्रण लेकर छोटे-छोटे लड्डू बना लें।

हर लड्डू में लगभग 90 कैलोरी और 5 ग्राम प्रोटीन होता है।

**मूंगफली प्रोटीन लड्डू** -मूंगफली प्रोटीन लड्डू बनाना बेहद ही आसान है, क्योंकि इसके लिए आपको बिल्कुल भी कुकिंग करने की जरूरत नहीं है। आप महज तीन चीजों की मदद से इसे तैयार कर सकती हैं।

**आवश्यक सामग्री (लगभग 10 लड्डू के लिए)**

100 ग्राम बिना छिलके वाली भूनी हुई मूंगफली

30 ग्राम व्हे प्रोटीन

- 60 ग्राम गुड़ का बूरा

**लड्डू कैसे बनाएं-**

- सबसे पहले मूंगफली को भूनकर मिक्सी में दरदरा पीस लें।

- अब इसमें गुड़ का बूरा और प्रोटीन पाउडर मिलाकर फिर से चला लें।

- अगर मिश्रण सूखा लगे, तो थोड़ा-सा पानी छिड़क लें।

## सू-दोकू 130

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.129 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## एक नजर

### अंतिम सावन सोमवार को शिवालयों में लगी भक्तों की कतार

**रायपुर, 4 अगस्त** । अंतिम सावन सोमवार के अवसर पर रायपुर सहित पूरे प्रदेश में सावन सोमवार का उत्सव श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजापाठ के साथ संपन्न किया गया। रायपुर के हठकेश्वरनाथ महादेव, खारूनेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर,बूढ़ेश्वर महादेव सहित सभी शिवालयों में भक्तों ने सुबह से जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक कर भोलेनाथ को बेलपतरी, धतुरा, मंदार एवं दही, दूध का भोग लगाया। ज्ञातव्य है कि रविवार को शहर में कांवरियों की यात्रा से पूरा शहर भक्तिभाव में डूबा रहा। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत के नेतृत्व में महापौर मीनल दुबे, सुंदर नगर वार्ड की पार्षद सरिता दुबे सहित कांवरियों ने महादेवघाट पहुंचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। आज सोमवार को महादेव के दर्शन के लिए कांवरियों की भीड़ से पूरा शहर भक्तिभाव से भक्तिमय हो गया है। सावन सोमवार अंतिम होने के कारण प्रदेश भर में शिवालयों में यज्ञ आदि का आयोजन भी किया गया है।

### प्रेस क्लब में धूमधाम से मना सावन उत्सव

**रायपुर, 4 अगस्त** । रायपुर प्रेस क्लब में रविवार को 'सावन उत्सव 2025' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसमें शहर की महिला पत्रकारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हरियाली और उत्सव के रंगों से सजे इस आयोजन में गीत-संगीत, नृत्य, क्विज़, रैंप वॉक और मनोरंजक टास्क के माध्यम से पत्रकारों ने उमंग के साथ जमकर आनंद लिया।कार्यक्रम की शुरुआत महिला पत्रकारों के स्वागत से हुई, जहां ढोल-ताशों की थाप पर उनका अभिनंदन किया गया। प्रेस क्लब परिसर को पारंपरिक साज-सज्जा और सावन झूलों से सजाया गया था, जिसका सभी ने आनंद उठाया। सावन के महीने को सजीव करती इस संगीतमय दोपहर में महिलाओं ने न केवल मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया, बल्कि विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन भी किया।इस खास मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, महिला चेम्बर ऑफकॉमर्स की अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता और उपाध्यक्ष गायत्री केशरवानी अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद किया और शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कार वितरित किए।

### त्योहारी सीजन में मुख्य बाजारों में बढ़े खरीददार

**रायपुर, 4 अगस्त** । राजधानी के मालवीय रोड शास्त्री बाजार पंडरी कपड़ा मार्केट सहित अन्य प्रमुख बाजारों में इस समय रक्षा बंधन तीजा तथा जन्माष्टमी को लेकर जमकर खरीददारी हो रही है। बहनें रक्षाबंधन के पावन पर्व पर साड़ी सहित अन्य श्रृंगार का सामान लेने के लिए बड़ी संख्या में मार्केट पहुंच रही हैं उनके पर्स तथा मोबाइल चोरी हो जाने से असुरक्षा की भावना फैल गई है। राजधानी के गोल बाजार मालवीय रोड में इस समय खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी है यहां पर कपड़ा, पूजन सामाग्री तथा राखी का बाजार सजा हुआ है। हलषष्ठी के लिए भी यहां पर पसहर चावल खरीददारों की भीड़ लगी रही है। इसके अलावा शास्त्री बाजार में फल खरीदने तथा पंडरी मार्केट में थोक भाव में साड़ी खरीददार सक्रिय रहते हैं। महिलाओं ने बताया कि यहां पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं होने तथा सीसीटीवी कैमरे नहीं होने के कारण पार्केट मार तथा राह चलते बदमाशों का मनोबल बढ़ गया है।

### छत्तीसगढ़ में एनएचएम कर्मियों का अनिश्चितकालीन आंदोलन 18 अगस्त से, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चेतावनी

**रायपुर, 4 अगस्त** । छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़े कर्मचारी 18 अगस्त से अपनी 10 प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन और भी व्यापक और उग्र रूप ले सकता है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव की पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने बताया कि ह्यरूकर्मी बीते कई वर्षों से धैर्य के साथ अपने हक की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी शुरुआत में सेवाओं को बाधित न करते हुए आंदोलन करेंगे, लेकिन अगर सरकार ने इस बार भी उदासीनता बरती, तो संघर्ष ही अंतिम रास्ता होगा।संघ की प्रमुख मांगों में संविलियन और स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे का निर्धारण, कार्य मूल्यांकन प्रणाली में पारदर्शिता, लंबित 27त्न वेतन का भुगतान, नियमित भर्तियों में ह्यरू कर्मियों के लिए आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति की सुविधा, मेडिकल और अन्य अवकाश अधिकार, स्थानांतरण नीति और कम से कम 10 लाख रुपये तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा शामिल हैं।

### राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की जयन्ती पर श्रद्धा सुमन

**रायपुर, 4 अगस्त** । राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त का उनकी जयन्ती पर नमन करने रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 3 के सहयोग से राजधानी शहर के जलविहार कॉलोनी के डॉक्टर मैथिली शरण गुप्त की प्रतिमा स्थल पर रखे गए पुष्पांजलि आयोजन में रायपुर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, मण्डल अध्यक्ष श्री सुनील कुकरेजा सहित गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों,आमजनों ने नमन किया।

# उम्मीद की नई किरण बना बगिया स्थित सीएम कैंप

**जशपुर, 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के मुख्यमंत्री निवास बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय लोगों के लिए उम्मीद की नई किरण बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का निजी निवास बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय अब आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान का केंद्र बन चुका है। यहां न केवल लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं, बल्कि उनका तेजी से निराकरण भी किया जा रहा है।



जशपुर जिले के बगिया में स्थित सीएम कैंप कार्यालय अब लोगों की उम्मीदों का नया ठिकाना बन गया है। रोजाना सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं और फरियादों के साथ यहां पहुंच रहे हैं। खासकर, गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोग इलाज के लिए सहायता मांगने आते हैं। खास बात यह है कि उनके आवेदन जमा करने के महज 5 मिनट के भीतर स्वास्थ्य मितान हेल्पलाइन की टीम उनसे संपर्क करती है और बेहतर उपचार के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। जिला प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग और स्वास्थ्य मितान टीम की सक्रियता के चलते अब तक 2856 मरीजों को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। इतना ही नहीं, 50 से अधिक जरूरतमंदों को बैटरी चलित ट्राई-साइकिल और श्रवण यंत्र भी प्रदान किए गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। मेडिकल कॉलेज की सौगात, मातृ शिशु अस्पताल, अखिल भारतीय कल्याण आश्रम चिकित्सालय में अत्याधुनिक चिकित्सा भवन का निर्माण, और अतिरिक्त एंबुलेंस की व्यवस्था इसका जीता-जागता उदाहरण है। यह पहल साबित करती है कि जब नेतृत्व संवेदनशील होता है, तो शासन जनता की सेवा का पर्याय बन जाता है। बगिया कैंप कार्यालय अब स्वास्थ्य, सहारा और समाधान की पहचान बन चुका है।

# सीएम साय ने कहा-जल्द होगी 5000 शिक्षकों की भर्ती

**रायपुर, 4 अगस्त** । छत्तीसगढ़ में जल्द ही 5000 नए शिक्षकों की भर्ती की जाएगी, इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू होने वाली है। सीएम विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सरकार शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की बुनियाद मानती है। जब से मैंने शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाली, उसी क्षण से मेरी प्राथमिकता रही कि विभाग को गहराई से समझते हुए उसमें सुधार की ठोस पहल की जाए। सबसे पहले एक गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह पाया गया कि राज्य में शिक्षक और छात्रों का अनुपात राष्ट्रीय औसत से बेहतर होने के बावजूद वितरण असमान है।

ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों की संख्या अधिक है, लेकिन शिक्षक अपेक्षाकृत कम हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में शिक्षक अधिक संख्या में पदस्थ हैं। इस असंतुलन को दूर करने हेतु राज्य में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया आरंभ की गई। इसके परिणामस्वरूप आज छत्तीसगढ़ का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं है। इस प्रभाव का विस्तार इतना व्यापक रहा कि इरकभट्टी जैसे गांवों में वर्षों से बंद पड़े विद्यालय पुनः प्रारंभ हो गए हैं।

# भारती जनसेवा संघ ने मित्रता दिवस के अवसर पर किया वृक्षारोपण

**रायपुर,4 अगस्त।** भारती जनसेवा संघ के द्वारा विप्र नगर रायपुरा में मित्रता दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण और पौधा वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर शहर के युवा व्यवसायी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर महानगर के सह प्रचार प्रमुख शुभम अग्रवाल एवं माधव नगर के सह नगर कार्यवाह पवन साहू जी उपस्थित रहे। वृक्षारोपण करने के पश्चात शुभम अग्रवाल ने कहा कि यह बहुत ही सकारात्मक और समाजसेवी कार्य है। सामाजिक संगठन द्वारा वृक्षारोपण और वृक्ष वितरण करना पर्यावरण संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, लोगों को सरकार के योजनाओं से अवगत कराना भी बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और अपने जीवन में सुधार ला सकें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वनमंत्री केदार कश्यप के पहल से एक पेड़ माँ के नाम अभियान चल रहा है इसके दूसरे अभियान का लक्ष्य भी सरकार पूरा करने जा रही है जिसमें एक छोटा सा योगदान भारती जनसेवा संघ का भी है जो रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में माताओं बहनों और स्थानीय भागीदारी के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण कर रही है। शुभम अग्रवाल ने कहा कि भारती जनसेवा संघ लोगों को सरकार के योजनाओं से अवगत कराकर सामाजिक और राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ा रहा है। इस तरह के कार्य समुदाय के विकास में मदद करते हैं और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने में योगदान करते हैं।




हमारा वृक्ष हमारा मित्र अभियान को लेकर भारती जनसेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि मार्गदर्शक राजकुमार कश्यप जी के नेतृत्व में विगत 2022 से अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम मसनी बिलासपुर के एक छोटे से गाँव में रहने वाले ग्रामीणों के द्वारा वृक्षों के प्रति अपनत्व और प्रेम भाव को देखकर यह प्रेरणा मिली कि यह अभियान शुरू करना चाहिए। आज मित्र दिवस के अवसर पर इन्द्रप्रस्थ, रायपुरा बस्ती, चंगोराभाठा में 50 पौधों का वितरण किया गया।वृक्षारोपण के इस कार्यक्रम में भारती जनसेवा संघ के उपाध्यक्ष निश्चय साहू, प्रदेश सचिव हेम श्रीवास, सह सचिव शत्रुहन पटेल और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

# सावन झूला महोत्सव का भव्य आयोजन



**किरंदुल,4 अगस्त।** सावन के रंगों से सराबोर औद्योगिक नगर किरंदुल में शनिवार को एसएलआरएम सेंटर में सावन झूला महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका के प्लेसमेंट श्रमिकों एवं एमसीसी महिला समूह के संयुक्त प्रयास से किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। ऐसे पारंपरिक आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। वहीं, श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने महिलाओं की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा सावन झूला उत्सव नारी शक्ति को एकजुट कर लोक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा सावन पर्व कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक हरे वस्त्र पहनकर लोकगीत, नृत्य और खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। पारंपरिक झूले की सजावट और महिलाओं की उपस्थिति ने आयोजन को उल्लासमय बना दिया। आदिवासी परिधानों में सजी महिलाओं ने सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। पौधरोपण कर दिया पर्यावरण जागरूकता का संदेश कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अनुज शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन

**खरोरा, 4 अगस्त।** धरसींवा भक्ति और आस्था के एक अद्भुत संगम का साक्षी बना। विधायक अनुज शर्मा के नेतृत्व में एक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसने हजारों शिव भक्तों को एक साथ जोड़ा और पूरे क्षेत्र में भक्ति की एक नई लहर पैदा कर दी। यह आयोजन छत्तीसगढ़ गौरवशाली सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने और सामाजिक समरसता का संदेश देने का एक बेहतरीन उदाहरण बन गया। सुबह 8 बजे, शिव मंदिर चरौदा से शुरू हुई यह कांवड़ यात्रा किसी महाकुंभ से कम नहीं थी। विधायक अनुज शर्मा स्वयं कांवड़ लेकर, लगभग 2000 शिव भक्तों के साथ सोमनाथ धाम के लिए रवाना हुए। इस यात्रा में महिलाओं की भी बड़ी संख्या देखने को मिली,अपनी कांवड़ें कंधे पर लिए ये सभी भक्तगण %बोल बम व बम-बम भोले% के जयकारों के साथ पूरे उत्साह से आगे बढ़ रहे थे7 इस वर्ष की कांवर यात्रा एक नया अध्याय लिख रही है। जहाँ एक तरफ भीषण धूप गर्मी और पसीने से तर-बत्तर कर देने वाली उमस है. वहीं दूसरी तरफ आस्था की अविरल धारा बह रही है, जो हर कठिनाई को पार कर रही है। धरसींवा से सोमनाथ की कांवर यात्रा का मार्ग आस्था और संकल्प का संगम बन गया है। नंगे पैर किलोमीटर की दूरी तय करते कांवरियों के चेहरों पर न तो थकान है और न ही कोई शिकन रही7 यात्रा के दौरान रास्ते भर विशेष झाकियाँ और भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। विधायक अनुज शर्मा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। स्थानीय लोगों ने फूल बरसाकर उनका और सभी कांवड़?यों का अभिनंदन किया7



इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ की धरती भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का अद्वितीय संगम है। कांवड़ यात्रा जैसे आयोजन व केवल हमारी परंपरा को सहेजते हैं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना और समाजिक समरसता का भी संदेश देते हैं। सावन महीने में यह कांवड़ यात्रा शिव भक्तों की आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है।

# कोंडागांव में सीएएफ अधिकारी ने दी जान बयानार बटालियन कैंप की घटना



कोंडागांव, 4 अगस्त। नक्सल मोर्चे पर सीएएफ के जवानों की तैनाती रहती है. बस्तर का कोंडागांव जिला भी नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल है. यहां छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक अधिकारी दिनेश सिंह चंदेल ने अपने बटालियन के कैंप में जान दे दी. वह प्लाटून कमांडर के पद पर तैनात थे.

यह पूरी घटना रविवार रात 10 बजे की बताई जा रही है. कोंडागांव के बयानार गांव में सीएएफ की दूसरी बटालियन का कैंप है. प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने कैंप में अपने कमरे में जान दे दी. जैसे ही इस घटना की जानकारी उनके सहकर्मियों के मिली. वे मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी. दिनेश सिंह चंदेल की मौत हो गई थी.दुर्ग जिले के निवासी थे दिनेश सिंह चंदेलः-कोंडागांव के एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि दिनेश सिंह चंदेल दुर्ग जिले के भिलाई क्षेत्र के निवासी थे. शुरुआती जांच में यह पारिवारिक वजहों से उठाया गया कदम है. पुलिस आगे की जांच कर रही है.

30 जुलाई को बीजापुर में एक जवान ने दी जानः- इससे पहले 30 जुलाई को बीजापुर में सीआरपीएफ के एक जवान ने अपनी जान दे दी थी. पुलिस इस केस की जांच कर रही है. छत्तीसगढ़ में जवानों की जान देने की घटनाएं चिंता का विषय है. राज्य के गृह विभाग के अनुसार, 2019 से 1 जून के बीच राज्य में 177 सुरक्षाकर्मियों ने अपनी जान दे दी.

# जिले में आमचो बस्तर पोर्टल से जन सुविधाओं को बेहतर बनाने मिल रही मदद

**जगदलपुर, 4 अगस्त** । कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में बस्तर जिले में अभिनव पहल डिजिटल जन शिकायत निवारण पोर्टल ÷आमचो बस्तर÷ की शुरुआत की गई है, जो अब जन सुविधाओं को बेहतर बनाने सहित समस्याओं के निदान में मददगार साबित हो रही है। यह पोर्टल ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को सीधे जिला प्रशासन से जुड़ने का अवसर प्रदान कर रहा है और उन्हें विभिन्न सेवाओं से सम्बंधित शिकायतों, मांग एवं समस्याओं को समाधान करने के लिए कारगर सिद्ध हो रहा है। इसी क्रम में आमचो बस्तर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत घाटकवाली (जुनापारा) के निवासी श्री पदमनाग कश्यप द्वारा ग्राम में स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की शिकायत की गई थी। उक्त प्राप्त शिकायत पर क्रेडा जिला कार्यालय बस्तर द्वारा क्रेडा के सीईओ श्री राजेश सिंह राणा के निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुए अकार्यशील संयंत्र को संबंधित कलस्टर टेक्नीशियन के माध्यम से तकनीकी समस्या को दुरूस्त किया गया जिसके तहत एक नग नवीन पैनल स्थापित, केबल, स्ट्रक्चर में सुधार इत्यादि की स्थापना कर सयंत्र को गत 28 जुलाई 2025 को सुचारू रूप से कार्यशील किया गया।

इसी तरह विकासखण्ड जगदलपुर के तुसेल (जुनापारा) में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिस पर क्रेडा जिला कार्यालय बस्तर द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अकार्यशील संयंत्र में तकनीकी समस्या को दुरूस्त किया गया। इस सयंत्र में नवीन केबल, एमसीबी, स्वीच इत्यादि की स्थापना कर संयंत्र को बीते 03 अगस्त 2025 को कार्यशील किया गया है। इन दोनों सोलर ड्यूल पम्पों का मरम्मत एवं सुधार हो जाने से ग्रामवासियों के वर्षाकाल में शुद्ध पेयजल संकट का निदान हुआ है और अब ग्रामवासी उत्साहित होकर उक्त त्वरित पहल के जरिए समस्या समाधान होने के फलस्वरूप सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं।कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में शुरू इस डिजिटल जन शिकायत निवारण पोर्टल ÷आमचो बस्तर÷ में आम नागरिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या ग्राम सचिवालयों में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर भूमि, राजस्व, पेंशन, राशन जैसी विभिन्न सेवाओं से संबंधित अपनी शिकायतें, मांग या सुझाव आसानी से दर्ज कर सकते हैं और उनकी स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक कर सकते हैं। इस पोर्टल की सबसे खास बात है 'सेव ड्राफ्ट' सुविधा, जिससे नेटवर्क न होने पर भी आवेदन भरकर बाद में सबमिट किया जा सकता है।

### द्रोणिका और चक्रीय चक्रवात के कारण उत्तरी छत्तीसगढ़ में हो रही वर्षा

**रायपुर, 4 अगस्त** । प्रदेश में एक द्रोणिका तथा प्रभावशाली सिस्टम बनने के कारण इस समय उत्तरी छग के बलरामपुर में भारी वर्षा हो रही है। मध्य छग तथा दक्षिण में मानसून की गतिविधियां कमजोर रहेगी। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका एवं चक्रीय चक्रवात उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित होने के कारण उप्र की सीमा से लगे बलरामपुर, प्रतापुर तथा अन्य क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हो रही है। इधर सभी नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। मध्य दक्षिण कहे जाने वाले रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग संभाग में मानसून की गतिविधियां स्थिर रहेगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा, केनिंग और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

# राष्ट्रीय राजमार्गों से पशुओं को तत्काल हटाने के मुख्य सचिव के निर्देश

**रायपुर, 4 अगस्त** । बरसात के मौसम में राज्य के प्रमुख शहरों एवं राष्ट्रीयकृत राजमार्गों में पशुओं को तत्काल हटाने का निर्देश मुख्य सचिव ने कलेक्टरों एवं एसपी को दिया है।

हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यसचिव को निर्देशित किया है कि वे रात और दिन में पशुओं के राष्ट्रीयकृत मार्गों में बैठने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसके कारण यहां पर वाहन चालक दुविधा है तथा कई लोग अकाल मौत के शिकार हो रहे है। इस संबंध में मुख्य सचिव ने कई बार गृह विभाग परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों की बैठक ली है। राज्य में इस समय शहर के अंदर बरसात में सड़कों पर पशु बैठे रहते हैं। पशु मालिक लापरवाह होकर इन्हें छोड़ जाते है जो कि दुर्घटना का कारण बनते हैं। वहीं शहर से बाहर प्रमुख राष्ट्रीयकृत मार्गों में यही स्थिति रहती है। हाईकोर्ट द्वारा संज्ञान लेने के बाद अब मुख्य सचिव अमिताभ जैन इस समय सभी जिला एवं पुलिस प्रमुखों को एसएमएस से संदेश दिया है कि वे इस पर तत्काल कार्रवाई करें।

शासन के प्रवक्ता के अनुसार राज्य में इस समय राष्ट्रीय राजमार्गों में भारी दुर्घटनाएं हो रही जिसे रोकने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किये जा रहे है बार बार कोर्ट के निर्देश आने के कारण मुख्य सचिव ने भी सक्रियता बरतने का निर्देश छोटे अधिकारियों को दिया है। अब देखना है कि यह अधिकारी कितना पालन करते हैं।

# राज्योत्सव में देश के प्रधानमंत्री करेंगे नवीन विधानसभा का उद्घाटन

**रायपुर, 4 अगस्त** । नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का कार्य तीव्र गति से अपने अंतिम चरण में पहुँच रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विधानसभा भवन स्थल पर पहुँचकर निर्माणकार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय-सीमा, सितम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि राज्योत्सव (1 नवम्बर) के अवसर पर इसे जनता को समर्पित किया जा सके।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का यह रजत जयंती वर्ष है, जिसे पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नवीन विधानसभा भवन का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर अग्रसर है। रजत जयंती वर्ष पर राज्य को एक नया, भव्य विधानसभा भवन प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को राज्योत्सव कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया गया है, और उनके करकमलों से इस नवीन विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रस्तावित है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नए विधानसभा भवन का निर्माण अब अंतिम चरण में पहुँच चुका है। आज विधानसभा सदन, विधानसभा अध्यक्ष का कक्ष, मुख्यमंत्री का कक्ष तथा सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन कर निर्माण की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निर्धारित समय पर नवीन विधानसभा भवन का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।नवीन विधानसभा भवन में छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक वास्तुकला और आधुनिक सुविधाओं का समुचित समावेश किया गया है। भवन में तीन प्रमुख विंग निर्मित किए जा रहे हैं ङ्क विंग-ए में विधानसभा सचिवालय, विंग-बी में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय सहित विधानसभा सदन व सेंट्रल हॉल, तथा विंग-सी में उप मुख्यमंत्रियों एवं अन्य मंत्रियों के कार्यालय स्थित होंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि नया विधानसभा भवन केवल एक शासकीय संरचना नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक भव्यता एवं वैभव का प्रतीक बनेगा।52 एकड़ क्षेत्रफल में निर्मित यह नवीन विधानसभा भवन आधुनिक तकनीकी विशेषताओं और सांस्कृतिक सौंदर्य से युक्त एक भव्य परिसर होगा। सदन में 200 विधायकों के बैठने की क्षमता के साथ-साथ 500 दर्शकों की क्षमता वाला अत्याधुनिक ऑडिटोरियम भी होगा। परिसर में 700 वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है तथा दो प्रस्तावित सरोवर, प्रत्येक डेढ़ एकड़ क्षेत्र में, विकसित किए जाएँगे। निर्माण पूर्ण होने के पश्चात यह भवन न केवल छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करेगा, बल्कि देशभर में अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली और उन्नत सुविधाओं के कारण एक मिसाल के रूप में स्थापित होगा।निरीक्षण के दौरान अजय जामवाल, पवन साय, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी उपस्थित थे।

### रायपुर में 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया, डॉक्टर ने लगाया गंभीर आरोप

रायपुर, 4 अगस्त । छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शंकर नगर क्षेत्र के डॉक्टर बी. बालाकृष्णा ने एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। उन्होंने मनोज चांवला, उनकी पत्नी खुशबू चांवला और अन्य पारिवारिक सदस्यों पर 1.5 करोड़ रुपये की गबन और अमानत में खयानत करने का मामला सिविल लाइंस थाने में दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और भारतीय दंड संहिता की धाराओं 409, 120बी और 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।डॉ. बालाकृष्णा, जो एडवांस चेस्ट सेंटर नामक क्लीनिक संचालित करते हैं, ने बताया कि 2021 से मनोज चांवला उनके पास इलाज के लिए आते थे। कोविड महामारी के दौरान डॉक्टर ने मनोज और उनके परिवारजनों का निःस्वार्थ इलाज किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच घनिष्ठ संबंध बन गए।बाद में चांवला परिवार ने क्लीनिक की फार्मेसी और लैब की जिम्मेदारी लेने की इच्छा जताई। डॉक्टर के भरोसे पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप दी गई। इस दौरान उन्होंने क्लीनिक के व्यवसाय को बढ़ाने में भी भूमिका निभाई।डॉ. बालाकृष्णा अस्पताल का विस्तार करना चाहते थे, जिसके लिए बड़ी पूंजी की जरूरत थी। इसी बीच मनोज चांवला और उनके परिजनों ने उन्हें ट्रेडिंग में पैसा लगाने का सुझाव दिया और मूलधन सुरक्षित रहने का आश्वासन दिया। इस भरोसे पर डॉक्टर ने उन्हें किस्तों में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दे दी।

# आवारा पशुओं को धरपकड़ कर गौठान भेजा जा रहा

**रायपुर, 4 अगस्त** । राजधानी में आवारा कुत्तों के आतंक से इन दिनों लोग परेशान है। विभिन्न वार्डों में कुत्तों द्वारा हमला किये जाने से नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे है जिसके चलते नगर निगम ने अवारा पशुओं को पकड़ने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गो में मॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है।

नगर निगम द्वारा जोन 9 क्षेत्र में व्हीआईपी रोड श्रीराम मन्दिर के समीप 11 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर फुण्डहर गौठान भेजा गया. निगम जोन 10 क्षेत्र में विभिन्न सड़क मार्गो पर अभियान के अंतर्गत अमलीडीह मार्ग में 17 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर काऊकैचर वाहन से उन्हें गोकुल नगर गौठान भेजा गया।

# जिले को कांस्य और पिथौरा विखं को मिला रजत पदक

**महासमुंद 4 अगस्त।** आकांक्षी जिला एवं विकासखंड पिथौरा को छत्तीसगढ़ राज्य में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है वही पिथौरा विकासखंड को रजत पदक प्राप्त हुआ। यह पुरस्कार 6 संकेतांको में से पांच संकेताक को शतप्रतिशत पूर्ण करने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 2 अगस्त को रायपुर में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महासमुंद जिले को बधाई देते हुए कहा कि महासमुंद में टीम भावना के साथ नीति आयोग द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने में बेहतर कार्य किया। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की ओर से जिला के नोडल अधिकारी



जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने पुरस्कार ग्रहण किया। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग से समीर पांडे, कृषि विभाग से एफ आर कश्यप, स्वास्थ्य विभाग से पी कुदेशिया, समग्र शिक्षा से रेखराज शर्मा, जनपद सीईओ चंद्र प्रकाश मनहर एवं आकांक्षी ब्लॉक के फेलो वैभवी मोयल को प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया।

ज्ञात है कि आकांक्षी जिला, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसका उद्देश्य देश के सबसे पिछड़े और कम विकसित जिलों का तेजी से विकास करना है। इन जिलों को सामाजिक-आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए विशेष रूप से चुना गया है और सरकार इन जिलों में विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम लागू की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पूरी टीम को बधाई दी है और कहा है कि संकेतक को शत प्रतिशत सैचुरेशन के लिए सतत रूप से कार्य किया जाएगा। जो संकेतक बाकि है उसे समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने जिला नोडल अधिकारी एस आलोक के नेतृत्व में किए गए कार्य की सराहना करते हुए बधाई दी है। ज्ञात है कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य 112 आकांक्षी जिलों में जीवन स्तर में सुधार करना है, जिनमें से प्रत्येक में कुछ सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र कमजोर हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इन जिलों में विकास को गति देना और उन्हें देश के बाकि हिस्सों के साथ समानता लाने में मदद करना है। यह कार्यक्रम जिलों को सर्वोत्तम प्रथाओं को विकसित करने और दोहराने के लिए भी प्रोत्साहित करता है, जो सामाजिक-आर्थिक विषयों में सुधार को बढ़ावा देते हैं। आकांक्षी जिलों के साथ-साथ आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम भी शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य 500 ब्लॉकों में विकास को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता पर आधारित है, जिसने 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। इन जिलों में हमारा महासमुन्द जिला भी है। आज इन्हीं संकेतकों में हम शत प्रतिशत काम पूर्ण किए, जिसके लिए जिले के अधिकारी/कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

# गायत्री मंदिर के शिवालय में भक्तों ने किया अभिषेक



**दाढ़ी, 4 अगस्त।** दाढ़ी नगर के गायत्री मंदिर स्थित शिव मंदिर में रविवार को नागरिकों ने अभिषेक किया। इस अवसर पर आचार्य के रूप में गोपी वैष्णव द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया। आचार्य गोपी वैष्णव ने बताया कि रुद्राभिषेक का सावन महीने में विशेष महत्व रहता है। इस माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना और रुद्राभिषेक करने से भक्तों को विशेष लाभ प्राप्त होता है। इस मौके पर विजय शंकर त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी, सीमा गुप्ता, राजू तिवारी, गुड्डू मिश्रा, सरोज त्रिपाठी, रमा त्रिपाठी समेत शहर के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### पीएम किसान सम्मान निधि योजना से किसानों को मिला आर्थिक संबल

**जशपुरनगर, 4 अगस्त।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से देशभर के करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जशपुर विकासखंड के ग्राम सालहेकेराडीह निवासी श्री उमेश नंदराम को भी हाल ही में योजना की 20वीं किस्त की राशि प्राप्त हुई है। नंदराम ने बताया कि वे विगत कई वर्षों से इस योजना के लाभार्थी हैं और प्रत्येक किस्त से उन्हें अपनी खेती किसानी में निरंतर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, ÷इस बार मिली किस्त की राशि का उपयोग मैं खाद-बीज की खरीद और खेत कीमजदूरी देने में कर रहा हूँ। यह सहायता समय पर मिलती है जिससे कृषि कार्यों में व्यवधान नहीं आता।उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे खेती के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में मदद मिलती है और आर्थिक संकट से राहत मिलती है।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को वर्ष में 6,000 की सहायता राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है, जिससे उन्हें खेती संबंधी कार्यों में सहूलियत होती है।

### प्रदेश में अब तक 631.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 4 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 631.2 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 1004.5 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 328.3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 581.0 मि.मी., बलौदाबाजार में 555.9 मि.मी., गरियाबंद में 496.9 मि.मी., महासमुंद में 538.1 मि.मी. और धमतरी में 498.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 671.9 मि.मी., मुंगेली में 678.7 मि.मी., रायगढ़ में 791.2 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 860.9 मि.मी., कोरबा में 695.8 मि.मी., गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 627.4 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 590.6 मि.मी., सक्ती में 726.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 506.5 मि.मी., कबीरधाम में 472.2 मि.मी., राजनांदगांव में 551.8 मि.मी., बालोद में 591.9 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 791.1 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 451.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 466.3 मि.मी., सूरजपुर में 804.1 मि.मी., जशपुर में 709.2 मि.मी., कोरिया में 738.1 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 701.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

बस्तर संभाग में बस्तर जिले में 725.4 मि.मी., कोंडागांव में 478.7 मि.मी., नारायणपुर में 592.8 मि.मी., बीजापुर में 803.9 मि.मी., सुकमा में 495.0 मि.मी., कांकेर में 642.3 मि.मी., दंतेवाड़ा में 662.4 मि.मी. और औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# कोलकाता में फोटो विडियो एक्सपो 11 से

## कमल शर्मा सहित शहर के अन्य फोटोग्राफर होंगे शामिल

**रायगढ़,4 अगस्त।** ईस्टर्न इंडिया का बिगेस्ट एंड मोस्ट पापुलर फोटो विडियो एक्सपो इमेज क्राफ्ट 2025' का आयोजन इस बार 11, 12 व 13 अगस्त को नेताजी इंडोर स्टेडियम कलकत्ता वेस्ट बंगाल में आयोजित किया जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध फोटोग्राफर कमल शर्मा भी इस फोटो विडियो एक्सपो में शामिल होंगे। इसके लिए उन्हें आयोजक की ओर से फ्री एंट्री पास भी जारी किया गया है।

केके फिल्म्स के डायरेक्टर कमल शर्मा ने बताया कि देश के नामी फोटोग्राफर व फोटो विडियो एक्सपो के आयोजक मिस्टर शंकर दास व पिंकी दास द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन भव्य व विशाल रूप से किया जाता है। इसमें देश-विदेश की नामचीन कंपनियों के साथ फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के एक्सपर्ट शामिल होते हैं। मैं खुद इस एक्सपो में पिछले 15-20 सालों से शामिल



होते आ रहा हूं। नेताजी इंडोर स्टेडियम कोलकाता वेस्ट बंगाल में ईमेज क्राफ्ट फोटो विडिओ एक्सपो का यह 21वां आयोजन है, जिसमें फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी के क्षेत्र में हो रहे नए-नए अनुसंधान के साथ नई तकनीकी की जानकारी मिलेगी। इसमें देश के साथ विदेश की नामचीन कंपनियां कैमरे, लैंस सहित विभिन्न प्रकार के इंक्रूमेंट्स व अन्य प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी लगाएंगे। फोटो वर्कशाप, फैशन शो सहित अन्य आयोजन होंगे, फोटोग्राफरों के लिए यह इमेज क्राफ्ट बहुत उपयोगी होता है। हर फोटोग्राफर को इस आयोजन में शामिल होना चाहिए। इसके माध्यम से उन्हें फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की बारीकियों के साथ इस क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधान की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपनी कला को और भी निखार सकते हैं। श्री शर्मा ने शहर सहित पूरे जिले व प्रदेश के फोटोग्राफरों से इस फोटो वीडियो एक्सपो में शामिल होने की अपील की है।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रहा सरगुजा जिले का करौली गांव

**रायपुर, 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित बिहान योजना के माध्यम से सरगुजा जिले के लूण्ड्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करौली की महिलाएं आज आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की नई कहानी लिख रही हैं। बिहान योजना के तहत गठित हिंग्लेश्वरी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने तेल प्रोसेसिंग इकाई स्थापित कर आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है।



समूह की अध्यक्ष श्रीमती सरोज के नेतृत्व में 5 स्व-सहायता समूहों की 28 महिलाओं को एकजुट कर प्रोड्यूसर ग्रुप का गठन किया गया। इस समूह ने सरसों तेल निर्माण की फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार का प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। वर्तमान में समूह द्वारा सरसों तेल निर्माण की सम्पूर्ण प्रक्रिया - बीज की सफाई, प्रोसेसिंग, भंडारण, पैकिंग एवं विपणन स्वयं संचालित की जा रही है।इस इकाई में कार्यरत प्रत्येक महिला को प्रतिदिन 200 रूपए की मजदूरी प्राप्त हो रही है। तेल बिक्री से समूह को प्रतिमाह औसतन 50-60 हजार रूपए की शुद्ध बचत भी हो रही है। शासन द्वारा प्रोसेसिंग इकाई के लिए शेड एवं मशीनरी की सुविधा प्रदान की गई है। तेल को स्टील ड्रम में संग्रहित कर दो दिनों तक स्थिर रखने के उपरांत बोतलों में भरकर बाज़ार में विक्रय हेतु भेजा जाता है। उच्च गुणवत्ता एवं शुद्धता के कारण स्थानीय बाज़ार में इन उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ रही है। श्रीमती सरोज ने बताया कि बिहान योजना से पहले गांव की महिलाएं घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, परंतु अब उन्हें आर्थिक संबल के साथ-साथ समाज में नई पहचान मिली है।

# मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर निमटोली में पुन: विद्युत आपूर्ति बहाल



**जशपुरनगर,4 अगस्त ।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल पर फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती में खराब ट्रांसफार्मर के कारण ठप पड़ी बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों को इससे बड़ी राहत मिली है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है।

उल्लेखनीय है कि तहसील फरसाबहार, ग्राम जोरंडाझरिया के निमटोली बस्ती के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से बिजली की आपूर्ति बाधित है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में विषैले जीवों का खतरा भी बना रहता है। कैंप कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की, जिसके तहत विद्युत विभाग द्वारा निमटोली बस्ती में ट्रांसफार्मर बदल दिया गया।

# ग्रामीणों को मुख्यधारा से जोड़ रही भाजपा सरकार : शर्मा

**भाटापारा,4 अगस्त।** क्षेत्र में अधोसंरचना विकास से लेकर मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना हमारी प्राथमिकता है,जिसके लिए हमारा प्रयास अनवरत जारी है। उक्त बाते विधानसभा के निपनिया मंडल अंतर्गत ग्राम कोदवा में बनने वाले निषाद समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य एवं साहू समाज भवन के आहाता निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित कर कही।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह भूमिपूजन ग्राम कोदवा के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में



किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यों से ग्रामों का समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत ग्रामीणजनों को तरक्की की मुख्यधारा से जोड़ रही है। जनता की समस्याओं का निराकरण करना हमारा लक्ष्य शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि, आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किये जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यों से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, सभापति जनपद मालिक राम साहू , मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु , भाजपा नेता राजेश पटेल, सरपंच चन्द्रिका दिलीप रात्रे, उपसरपंच सरिता अजय यदु सहित जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# त्रेतायुगीन धरोहर लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर बना धार्मिक पर्यटन का केंद्र

**रायपुर, 4 अगस्त।** सावन मास में शिव मंदिरों में भक्तों की अत्यधिक भीड़ उमड़ती है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर अपनी ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्ता के कारण श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए प्रमुख आस्था केन्द्र बना हुआ है। त्रेतायुगीन मान्यता वाले इस मंदिर का संबंध भगवान श्रीराम के कालखंड से जुड़ा है। लोककथाओं के अनुसार, खर एवं दूषण के वध के पश्चात भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण जी ने इस मंदिर की स्थापना की थी, जिसके कारण इसे लक्ष्मणेश्वर महादेव कहा जाता है।

लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर, धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से लगभग 3 किलोमीटर, रायपुर से 120 किलोमीटर तथा बिलासपुर से 60 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। प्राचीन मंदिरों की



बहुलता के कारण खरौद को 'छत्तीसगढ़ की काशी' भी कहा जाता है। मंदिर के गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग को 'लक्षलिंग' कहा जाता है। जनश्रुति के अनुसार इसमें एक लाख सूक्ष्म छिद्र हैं, जिनमें से एक छिद्र को पातालगामी कहा जाता है, जिसमें डाला गया जल अंतर्ध्यान हो जाता है, जबकि एक अन्य अक्षय छिद्र में सदैव जल भरा रहता है। श्रद्धालु मानते हैं कि जलाभिषेक का जल मंदिर परिसर स्थित कुण्ड में पहुँचता है, जो कभी सूखता नहीं। यह शिवलिंग लगभग 30 फीट ऊँचे चबूतरे पर स्थापित है और इसे स्वयंभू लिंग माना जाता है।केवल श्रावण मास ही नहीं यहां वर्षभर लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ यहाँ पहुँचते हैं। अमरनाथ एवं बारह ज्योतिर्लिंग की तर्ज पर यह मंदिर भी धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से लोकप्रिय हो रहा है। प्रभु श्रीराम की पावन कथा से जुड़ा लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर इतिहास, संस्कृति और आस्था का अनूठा संगम है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्राचीन धरोहरों के संरक्षण एवं धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में यह स्थल छत्तीसगढ़ राज्य के मानचित्र पर एक विशेष पहचान बना रहा है।

### शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक 8 को

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 4 अगस्त।** शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अगली बैठक आगामी 8 अगस्त को निर्धारित है। बैठक में उपस्थित होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहभागी बनने के लिए कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने सभी पलकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है। सभी पलकों और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्षों व सदस्यओं को जरी अपील में कलेक्टर ने कहा है कि जिले के सभी शालाओं में गुणवत्ता युक्त अध्यापन 16 जून से प्रारंभ हो चुका है। शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी, प्राचार्य एवं शिक्षक इस कार्य में सतत् रूप से लगे हुए है। शासन के निर्देशानुसार शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की वर्ष में 4 बैठक आयोजित की जानी है।

## समाचार संक्षेप

### बुचूराम को पीएम जन मन आवास योजना के तहत मिला पक्का मकान

**जशपुरनगर 4 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिल रहे हैं। इसी योजना के तहत जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरापाठ निवासी श्री बुचूराम को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ मिला है। बुचूराम पहले लकड़ी और पैरा से बनी झोपड़ी में रहते थे, जहां बारिश, धूप और जीव-जन्तुओं से उन्हें कई परेशानियाँ होती थीं। वे मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे खुद से पक्का मकान नहीं बना सकते थे।प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत उन्हें पक्का आवास मिला। अब उनके पास सुरक्षित और स्थायी घर है। श्री बुचूराम बताते हैं कि आज उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं भी हैं ।

### अंवरी स्कूल में मनाया गया मुंशी प्रेमचंद जयंती

**अंवरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में मुंशी प्रेमचंद के जन्म दिवश पर 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद जयंती व उनकी रचना से परिचित होने कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य पी एन साहू व समस्त शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से शुरू हुआ , कार्यक्रम का संचालन कु. काजल, प्रशांत कुमार , तमन्ना बांधे उनके अन्य सहयोगी छात्र-छात्राओं ने मिलकर किया व संस्था के छात्र छात्राओं ने उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं- गोदान, गबन , कर्मभूमि के बारे अपनी प्रस्तुति दिये। व सभी उनके रचनाए व जीवन परिचय से अवगत हुवे इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्राचार्य पी एन साहू , व्याख्याता आई आर साहू ,के एल यादव , लालबहादुर साहू , योगेश साहू , पूर्णानंद सारंग , विज्ञान सहायक शिक्षक डी के साहू व्याख्याता पी सिन्हा , के एल घोघरे ,वत्सला चन्द्राकर , स्वाति टण्डन , गीता जांगड़े अन्य कर्मचारी में श्री रामहू ध्रुव, झनक लहरे, पी डहरे , नरसिंग नेताम व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 24 निकायों में 13 साल बाद भी नहीं पहुंच सका हर घर तक पानी, लागत डेढ़ गुना बढ़ी

**रायपुर, 4 अगस्त।** शहरों की प्यास बुझाने के लिए राज्य में 13 साल पहले शुरू हुई योजना आज भी अधूरी है। प्रदेश के 24 निकायों में जल आवर्धन योजना का काम खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। हालांकि इतने अंतराल में काम की लागत में डेढ़ से दो गुना इजाफा हो चुका है। ठेकेदार ने काम समय पर पूरा नहीं किया। इसलिए लागत को दो बार रिवाइज किया गया और हर बार लागत बढ़ाकर काम को पूरा करने की मंजूरी दी गई। लागत बढ़ने के बावजूद संबंधित निकायों में रहने वालों को अपने घरों तक पानी पहुंचने का इंतजार है।

विभाग द्वारा स्थानीय निकायों की मांग और सहमति पर शहरों में जल उपलब्ध कराने के सर्वेक्षण, रूपांकन और क्रियान्वयन पर किया जाता है। लागत का 70 प्रतिशत हिस्सा सरकारी अनुदान और 30 प्रतिशत हिस्सा नगरीय निकायों को कर्ज के रूप में होता है। इनका संचालन और रखरखाव संबंधित नगरीय निकाय द्वारा किया जाता है।

**इन जिलों में होना था काम:** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बलौदाबाजार के भटगांव के लिए 14 करोड़ 66 लाख दिए। सारंगढ़ को 47.46 करोड़, जांजगीर-चांपा में चांपा को 17.86 करोड़, सारागांव को 3.61 करोड़, कांकेर में चारामा को 19.75 करोड़, कोरबा में कटघोरा को 24.63 करोड़ और बीजापुर को 4.35 करोड़ मंजूर किए गए।

# श्रावण मास पर शिव भक्तों ने किया भंडारा का आयोजन




**सिमगा, 4 अगस्त।** श्रावण माह के चौथे सोमवार को सिमगा समीपस्थ ग्राम भुमिया के बाईसमिल चौक में शिवभक्त रायपुर रावांभाटा से आये अश्वनी यादव, ग्राम भुमियां के सरपंच मोहित यदु, रामस्वरूप यदु, डॉ. ऋषि कुमार वर्मा की टीम हरवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम भुमियां के सभी शिव भक्तों की ओर से भण्डारें का आयोजन किया गया था। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसी तारतम्य में सिमगा में भी यशवंत पाटकर के नेतृत्व में सैंकड़ो शिवभक्त कंकालीन पारा स्थित पिपलेश्वर महादेव में जलाभिशेक किया। वहीं ग्राम मुसुवा नवागांव के शिवभक्त महिला पुरूष सैंकड़ों की तदात में चितावर मंदिर से जल लेकर सोमनाथ के लिये प्रस्थान हुये। साथ ही साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर नरेन्द्र देवांगन, डोमार साहू, मोती साहू, छन्नू यदु, हरिराम साहू, समारूराम निषाद, कंकालिन पारा वार्ड पार्षद विष्णु जायसवाल सहित सैंकड़ो महिला, पुरूष का विशेष योगदान रहा।

## इंद्रावती नदी से जल लेकर भक्तों ने किया शिवजी का अभिषेक

# भोले की भक्ति में डूबा भोपालपटनम, कांवड़िए और महिलाओं ने चढ़ाया जल



बीजापुर, 4 अगस्त। श्रावण मास के पावन अवसर पर भोपालपटनम स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चौथी वार्षिक भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में नगर सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों से 500 कांवड़िए और 200 महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने इंद्रावती नदी तिमेड़ घाट से पवित्र जल भर, 4 किलोमीटर पैदल चलकर शिव मंदिर पहुँचे और भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

सुबह 8 बजे मां गंगा की पूजा-अर्चना के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। पारंपरिक वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं ने कांधे पर कांवड़ उठाकर 'हर हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों के साथ मंदिर की ओर पदयात्रा की। जगह - जगह श्रद्धालुओं का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। गोल्लागुड़ा चौक पर पेयजल की व्यवस्था पंचायत द्वारा की गई।इस बार यात्रा की विशेष बात यह रही महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी। 200 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंदिर तक पैदल यात्रा की और भगवान शिव की आराधना में सहभागी बनीं।शिव मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे गेंदा फूलों, भगवा तोरणों और झंडों से सजे परिसर ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। मंदिर पहुंचकर सभी कांवड़ियों ने विधिवत रूप से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। यात्रा के पश्चात मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।इस आयोजन को सफल बनाने में नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन ने भी महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सुरक्षा, सफाई और पेयजल की व्यवस्था चाक-चौबंद रही।शिव मंदिर समिति ने बताया कि कांवड़ यात्रा की यह परंपरा वर्ष 2022 से लगातार जारी है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है।श्रावण के चौथे सोमवार को आयोजित यह कांवड़ यात्रा भोपालपटनम में धार्मिक चेतना और संस्कृति का जीवंत उत्सव बनकर उभरी, जिसमें श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी।

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में

## छत्तीसगढ़ के रेल विकास को मिल रही डबल इंजन की रफ्तार



**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

### रायपुर-जबलपुर (गाड़ी संख्या 11701/11702) एक्सप्रेस शुभारंभ

**पर्यटन, व्यापार और शिक्षा** को मिलेगा नया आयाम

### 16 वर्षों में (2014 से 2030) रेल लाइन का दुगना होगा विस्तार

पिछले 161 वर्षों में (1853 से 2014) तक मात्र **1100 किमी रेल लाइन का हुआ विस्तार**

### राज्य में रेल विकास के लिए ऐतिहासिक बजट

- 10 वर्षों में रेल बजट में 22 गुना वृद्धि
- वर्ष 2025-26 में **₹6,925 करोड़** का ऐतिहासिक आवंटन

### स्वीकृत नई रेल परियोजनाएँ

- **₹47,447 करोड़** की रेल परियोजनाएँ प्रगति पर
- खरसिया-नवा रायपुर-परमालकसा: 278 किमी - **₹7,854 करोड़**
- गेवरा-पेंड्रा: 155.379 किमी - **₹7448.52 करोड़**
- रावघाट-जगदलपुर: 140 किमी - **₹3,513 करोड़**
- खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेल लाइन: 162.5 किमी - **₹3,438.39 करोड़**
- बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन: 206 किमी - **₹2,135.34 करोड़** (छत्तीसगढ़: 153 किमी, ओडिशा: 53 किमी)
- उरगा-धर्मजयगढ़: 62.5 किमी - **₹1686 .22 करोड़**
- सरदेंगा-भालमुड़ा: 37 किमी - **₹1,282 करोड़**
- बोरिडांड़-अंबिकापुर डबलिंग: 80 किमी - **₹776 करोड़**
- केंद्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम गेज परिवर्तन: 67.20 किमी - **₹544 करोड़**
- 37 किमी दुर्ग-रायपुर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग - **₹88 करोड़**
- 2014 से अब तक **148 रेल फ्लाईओवर और अंडरपास** का हुआ निर्माण
- छत्तीसगढ़ राज्य में **100% रेल नेटवर्क** का विद्युतीकरण
- अभनपुर-मंदिर हसौद सेक्शन में **नई MEMU ट्रेन सेवा प्रारंभ**
- **1,103 किमी** से अधिक की नई रेल परियोजनाएँ
- बिलासपुर-राजनांदगांव चौथी लाइन: **178 किमी**
- दल्लीराजहरा-रावघाट - **95 किमी**

### अमृत भारत योजना अंतर्गत ₹1680 करोड़ की लागत से 32 रेलवे स्टेशनों का का पुनर्विकास

- रायपुर **₹456 करोड़** | बिलासपुर **₹435 करोड़** | दुर्ग **₹463 करोड़**

### फाइनल लोकेशन सर्वे (FLS)

- धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा: 301 किमी - **₹16,834 करोड़**
- अंबिकापुर-बरवाडीह: 200 किमी - **₹9,718 करोड़**

## प्रदेश की 3 करोड़ जनता की ओर से

**प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का हृदय से धन्यवाद**

हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें




संवाद आर.ओ.-44768/95

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26